दोउआत । अबकौंधौंकबदेखिहौं, चोरिचोरिदधिखात ॥२७॥ मोतिनकीमालागरे, राजहंसगतिदोर । यहअंगन कबदेखिहौं, रामकृष्णकोजोर ॥२८॥ पीतांबरकोओढ़नो, अरुबाजतमृदुबेनु । अबकौंधौंकबदेखिहौं, वनहिंचरावत धेनु ॥२९॥ कनोभूखेहोतहैं, प्रातकालकीबान । तहांकहौ कोराखिहै, घृतसोंरोटीसान ॥३०॥ बातकहौंइकदिवसकी, तुमसोंहितूसुनाय । गोदहिकर्तबनाचलै, चितैचितैरहिजाय ॥३१॥ उद्धवपयफलनलग्यो, हूंदौरीतजिअंग । पीछेते मेरोलला, दधिकोभाजनभंग ॥३२॥ मोहिंदेखिअतिरिस भई, थोरेदधिकेकाम । ऊखलसोंआनँदघन, मैंबांधेगहि दाम ॥ ३३ ॥ तादिनतेखटकतसदा, मेरोयहअविवेक । ऐसीकहाँकोसंभवै, सुतसोंअवगुणएक ॥ ३४ ॥ तबउद्धव ऐसेकहैं, सुतकेसुनोसंदेश । उनकोनाहिंनबीसरो, याब्रजको आवेश ॥ ३५ ॥ तुमहिंपायँलागनकह्यो, जलसौंनयन भराय । मैयामाहिंनबीसरी, बड़ोकियोपयप्याय ॥३६॥ जादिनतेआयेइहां, छांड्योगोकुलगाँव । तादिनतेकोउना कहै, कान्हकान्हबलिजावँ ॥३७॥ जबहमतुमतेबिछुरके, आयेमथुरामाँझ । मैंकबहूंनाहींपियो, घियाप्रातअरुसाँझ ॥ ३८ ॥ अरुतुमबाबानंदसों, ऐसीकहियोजाय । वेतुम नीकेराखियो, धौरीधुमरीगाय ॥३९॥ मनवचकर्मसहेत

धरि, करिहौंपूरणकाम । आवेंगेदिनपांचमें, हमभैया बलराम ॥४०॥ राजपाटसिंहासनो, खानपानसुखदेत । याब्रजसुखपावतभले, वनमेंवटसंकेत ॥४१॥ बातकहत बीतीनिशा, तमचरकीन्होगान । मानोगर्जनमेघकी, घर घरदधीमथान ॥४२॥ उद्धवउठियमुनागये, कीन्हयमुन अस्नान। सेवासुमिरनसबकियो, जोअपनोउनमान ॥४३॥ करिकृतआयेघोषमें, उद्धवभरआनंद । याब्रजसुखपावत भले, पूरणपरमानंद ॥ ४४ ॥ अपनेअपनेधामते, बाहर निकरींग्वार। रथदेख्योश्रीकृष्णको, नंदमहरके द्वार ॥४५॥ यूथयूथएकैभईं, कीन्हींयाहिविचार । यहनाहींसुतनंदको, हैकोऊप्रतिहार ॥४६॥ उद्धवपैगोपीगईं, कीनोवंदनपान । शीशनाइआदरकियो, सखाकृष्णकोजान ॥४७॥ उद्धव ब्रजआयेभले, कहौकृष्णकुशलात। वहांजाइकीन्हींभली, कहुकछुउत्तमबात ॥४८॥ तुमसाँचेउत्तमसखा, मनवच कर्मसहेत । प्राणनकोहरिलेगये, पिंडदानतुमदेत ॥४९॥ उद्धवहमतोबावरी, करैंकवनसोंप्रीति। वहांजाइछांड़ीसबै, नंदगाँवकीरीति ॥५०॥ याब्रजकबहुँनआइहैं, मैयाकेहित काज। ब्रजयुवतिनकेनाभये, भयेवहांकेराज ॥५१॥ हम श्रवणनछाँड़ीसुनी, मोरपक्षवनपात। सुरभीसाँचीचित्रकी, नाहिंदेखसकुचात ॥५२॥ तबउद्धवऐसीकही, सुनौसकल

ब्रजनार। बातकहोपरब्रह्मकी, आतमतत्त्वविचार ॥५३॥ वेतुमपरकरिहैंकृपा, प्रभुताजानिपरम्म। तजियेनातोगाँ-वको, भजियेपूरणब्रह्म ॥५४॥ छायामायारहितहै, नहीं होतउनमान। हरितुमसोंऐसोकह्यो, भजियेश्रीभगवान ॥५५॥ जापदकोयोगेश्वर, लगेरहतअनुराग। साधनसोइ कीजैसदा, नामधरेवैराग ॥५६॥ नयनमूँदिमुखमौनगहि, त्रिगुणरहितनिजधाम। तुमसबहीमेंदेखिहौ, आपहि आतमराम ॥५७॥ मधुकरअंतरकठिनहै, कठिनबात कहिजात। भूखमरैदिनसातलौं, सिंहघासनहिखात ॥५८॥ यद्यपियोगप्रसिद्धहै, तोतुमह्वालैजाव। बहुरयोंनाहिन पाइहौ, ऐसोउत्तमदाव ॥५९॥ उद्धवतातेदेखिहौ, तत्त्वरूप तनुमाहिं। साहमकोसिखवतकहा, तुमहींसाधतनाहिं ॥६०॥ यहतौउनकोचाहिये, जिनकेअंतरराय। दादुरतौ जलबिनजिवै, मीनतुरतमरजाय ॥६१॥ हैंदोउएकैठौरके, दादुरमीनसमान। वेजलबिनमारुतभषैं, वेबिछुरततज प्रान ॥६२॥ उद्धवइतनोअंतरो, ब्रजमथुराकेलोग। विमुख करैंवारूपको, जारिदहैसोयोग ॥६३॥ पठयेआयेकवनके, कवनमित्रकोजानि। यहांतुम्हारोकौनसों, कहोकवनपहि-चान ॥६४॥ वचनवचनबाढ़ीव्यथा, नहिंजानतपरहेत। मधुकरदाहेअंगपर, कहालोनघसिदेत ॥६५॥ तनकारेमन

साँवरे, कपटीपरमपुनीत । मधुकरलुब्धीवासके, निमिष एककेमात ॥६६॥ तुमतौस्वारथकेसगे, नहींबेलिसेभाव । भावैयहगह्वरबढ़ौ, भावैजरिबरिजाव ॥६७॥ तुमतोचरणा जनिछुवौ, ऐसीगतिकेर्वार । मधुकररसअतिलालची, नहिं जानतपरपीर ॥६८॥ रहतनिकटनितश्यामके, तातेनिपट नपीर । बिछुरोगेहरिसंगते, तबजानोगेवीर ॥६९॥ उद्धव हरिबिछुरनव्यथा, तुमपैबीतीनाहिं । बिछुरोगेजबश्यामते, तबजानोमनमाहिं ॥७०॥ हमतुमतेकैसैकहैं, मधुकरसुनो सँदेश । नाहरिजातिनपांतिके, कहाकरोउपदेश ॥७१॥ कितविधनासिरजोहमैं, कितदियोब्रजकोवास । कितमि- लापश्रीकृष्णसों, कितबिछुरनकीआस ॥ ७२ ॥ नयन हमारेमधुकरा, आननकृष्णसरोज । ब्रजछांड़ेतादिवसते, वैरीभयामनोज ॥ ७३ ॥ मनमोहनवेनामहैं, मोहननयन विशाल । मोहनपढ़िकछुमोहनी, लैमोहीब्रजबाल ॥७४॥ सबअंगमोहनरूपहै, मोहनवेणुरसाल । मोहनमूरतिमाधुरी, मोहनवचनमराल ॥७५॥ वचनवचनमोहीत्रिया, हमतुम केतिकबात । सुरनसहितसुरयोषिता, थकितधामनहिंजात ॥ ७६ ॥ एकसमयनिशिशरदकी, मोहनवेणुबजाइ । बैन सैनदेसांवरे, लीन्हींसबैबुलाइ ॥ ७७ ॥ अरसपरसहमसों मिले, कुंजनकियोविहार । सोसुखनाहींबीसरै, सुमिरत

वारंवार ॥७८॥ एकसमयजलकेविषे, करतकेलिअस्नान। चीरचोरतरुपैचढ़े, वयशुदाकेकान्ह ॥७९॥ बहुरचोनाहिं नबीसैर, भुजबलकीअनुहारि। राखिलियेब्रजकुलसबै, नखपरगिरिवरधारि॥८०॥ एकसमयवनकेविषे, कुंजकुंज वनधाम। हरिहमसोंक्रीडाकरी, पलपलपूरणकाम॥८१॥ एकदिवसइकगोपिका, गईगेहकेद्वार। दधिचोरतसोंकेहरी, चलेचपेटामार॥८२॥एकदिवसहरिआमिले,मोहिंसांकरी पोर। मटुकीपटकीभूमिपर, हँसिहारकोतोर॥८३॥ ऐसी दिनदिनकीकथा, वर्णतनाहींओर। हमरीवेजानतसबै, मोहनचितकेचोर॥८४॥ लीलागोकुलगांवकी, हमजानत मनमाहिं। उद्धवतुमश्रवननसुनी, नयननदेखीनाहिं॥८५॥ जोतुमलायेयोगको, यदुपतिकेपरधान। हरिरसकीसींची सबै, नहिंभावतरसआन॥८६॥ पतिव्रताहूरूपकी, साखि भरतसबगाउँ। यदपिभजेकोउभूपको, तोव्यभिचारीनाउँ ॥८७॥ सीपरहतसागरविषे, मनमिलापनहिंलेत। मधुकर यहउत्तममतो, स्वातिबूँदसोंहेत॥८८॥ मानसरोवरतेउड़ैं, आनभूमिचलिजाहिं। विधिवाहनक्षुध्यारथी, तोउच्छिष्ट नखाहिं॥८९॥ जलनाहिंनथोरोकछू, सागरनदीनिवान। स्वातिबूँदचातकपियै, औसबजूठसमान॥९०॥ येदोउ नयनविराटके, निगमकहतहैंनीत।उड़िचकोरअंतरकियो,

दिनकरअरुशशिमीत॥९१॥ वेलिहोतवर्षासमय,करतवृक्ष सोंप्रीति। प्राणगयेछोड़ेनहीं, अपनीउत्तमरीति ॥९२॥ हम तोनरदेहीधरी,इतनीजानतनाहिं। रसतजिभजियेयोगको, भंगहोतव्रनमाहिं ॥९३॥ करतेआयेसोकरत, ऊंचनीचसों संग। हमकबहूंनाहिंनकिये, इष्टभावव्रतभंग॥९४॥ यद्यपि कुबजाचतुरहै, तहूंकंसकीदास । भवनगवनकीनोंहरी, तुमसेसेवकपास॥९५॥अपलक्षणतेनाडरो,बड़ेभूपकेपूत। कांवेसाँचेरावरे,कांतुमसाँचेदूत ॥९६॥ याहिकोठनलागत हमें, सुनोश्यामकोहेत । वहाँजायकुबजारमी, हमैंयोग सिखदेत ॥९७॥ जोकछुलिखोलिलाटमें, बिछुरनमिलन सँयोग । दोषकवनकोदीजिये, जानतहैंसबलोग ॥९८॥ देहधरीजाकारणे,लगिहैंताकेकाम।मनघटयहरससोंभरो, नहींयोगकोठाम ॥ ९९ ॥ मोरमुकुटकटिकाछनी, कुंडल तिलकसुभाल । पीतांबरक्षुद्रघंटिका, उरवैजंतीमाल ॥ १०० ॥ करलकुटीमुरलीगहे, घुंघरवारेकेस । वेहमरे नयननवसे,श्याममनोहरवेस॥१०१॥तबउद्धवऐसीकही, धन्यधन्यव्रजनारि । प्रेमभक्तिरसवशीकिये, श्यामभुजा उरधारि॥१०२॥ यहलीलातुमकारणे, गोपवेशऔतार । निर्गुणतेसद्गुणभये, तुमतेकरनविहार ॥ १०३ ॥ निगम जाहियोंषतरहे, अगमनपावतअंत । सोतुम्हरेजूठनगहे,

श्रीपतिश्रीभगवंत ॥ १०४ ॥ योगेश्वरपावैं नहीं, सिद्धि समाधिलगाइ । सो तुम्हरेरसवशभये, वनवनचारतगाइ ॥१०५॥ कहतसुनतऐसीकथा, वहाँरहेषट्मास । तबउद्धव आज्ञालही, हरिचरणनकीआस ॥१०६॥ नंदमिलेयशुदा मिली, मिलेगोपिअरुग्वाल । वंदनकरिकरिसबहिसों, उद्धवचलेउताल ॥ १०७ ॥ नंदकहीयसुदाकही, गोपिन कहाबहारि । वेरजधारनीरमिरहे, ब्रजकोनातोतोरि ॥१०८॥ अबकबहूँकरिहैकृपा, सेवकअपनेजानि । हरिहमतेनहिं बीसरो, पूरबहितपहिचानि ॥१०९॥ तबउद्धवआयेइहाँ, कृष्णचंद्रकेधाम । पाँयलागवंदनकियो, बोलतलैलैनाम ॥ ११० ॥ ग्वालबालसबगोपिका, ब्रजकेजीवअनन्य । तुमहिंपाँयलागनकह्यो, सुनहुदेवब्रह्मण्य ॥ १११ ॥ नंद यशोदाहेतकी, कहियेकहाबनाय । कीवेजानततुमभले, मोपैकहानजाय ॥११२॥ वेचिततेटारतनहीं, रामकृष्णकी जोर । मधुनायकमुरलीगहे, मूरतिमधुरकिशोर ॥११३॥ अरुगोपिनकेप्रेमकी, महिमाकहूँअनंत । मैपूछीषट्मास लौं, तऊनपायोअंत ॥११४॥ देहगेहसबछोड़िके, धरत रूपकोध्यान । उनकोभजनविचारिये, औसबकीकोज्ञान ॥११५॥ संतभक्तभूतलजिते, तेसबब्रजकीनारि । चरण शरणलागीरहैं, मिथ्यायोगविचारि ॥११६॥ उनकोगुण

निनगाइये, करिकरिउत्तमप्रीति। मैंनाहींदेखीसुनी, ब्रज-
वासिनकीरीति ॥ ११७॥ तबहरिउद्धवसेकही, हूँजानत
सबअंग। मैंकबहूँछोड़ोनहीं, ब्रजवासिनकोसंग॥ ११८॥
ब्रजतजिअंतनजाइहौं, मेरेतोयेटेक । भूतलभारउतारिहौं,
धरिहौंरूपअनेक॥ ११९॥उद्धवतुमजानौनहीं,प्रेमभक्तिकी
रीति । गोपिनकेसम्बन्धते, उपजैप्रेमप्रतीति ॥ १२० ॥
कृष्णभक्तसोंजानिये, जाकेअंतरप्रेम । राखेअपनेइष्टको,
गोपिनकेसोनेम ॥ १२१॥ यहलीलाब्रजवासकी, गोपी-
कृष्णसनेह।जनमोहनजोगावहीं,सोनरउत्तमदेह॥१२२॥
जोगावैसीखैसुनै,मनवचकर्मसहेत। रसिकरायपूरणकृपा,
मनवांछितफलदेत ॥१२३॥ गोपीअरुउद्धवकथा, भूपर
परमपुनीत। तीनलोकचौदहभुवन, वंदनीकशुभगीत ॥
॥ १२४ ॥ नाशतसकलकलेसओ सुखउपजतमनमोद ।
युगलचरण मकरंदमन, पावतपरमविनोद ॥ १२५ ॥
श्रीमुकुन्दमन मधुपजहँ, सकलसंतअनुराग। यशुदा
प्रेमप्रवाहमें, पड़े रहतबड़भाग ॥ १२६ ॥

इति श्रीसनेहलीलासमाप्ता

अथ दानलीला प्रारम्भ

दोहा—चलौसखीतहंजाइये, जहांबसतब्रजराज।
गोरसबेंचतहरिमिलैं, एकपंथदोकाज॥१॥

चौपाई॥ प्रभुपूरणब्रह्मअखंडा। जाकेरोमकोटि ब्रह्मण्डा॥ जबसद्गुणब्रह्मकहाए। मथुरातेवृन्दावनआए॥ जहंदेवलोकमुनिजेते॥ सबगोपपशुआलिनितेते। देवकी सुतनामधराए॥ वसुदेवहिरूपदिखाए। जबगोकुलइच्छा कीन्हीं॥ वसुदेवहिआज्ञादीन्ही। जिननंदभवनपहुंचाए॥ तहंनंदकेलालकहाए॥छंद॥ जन्मलियेवसुदेवके गृहनंदके बालकभए। छपनकोटियदुवंशमायायूथगोपीग्वालके॥ श्रीकृष्णकेसंगबहुतबालकगोचरावनवनगए। हर्षिगावहिं दानलीलासुनौसज्जनकानदे॥चौपाई॥ सबघरघरकीब्रज नारी। दधिगोरसबेचनहारी॥ मिलियूथमतोसबकीन्हो। यमुनातट मारगलीन्हो॥ आगे मोहन धेनु चरावैं। मधुरे

स्वरवेणु बजावैं ॥ जहं बाट मथनकीसोई । मुरलीसुनि आनंदहोई ॥ सब घाटउपरचलिआई । पहिचानिलिये यदुराई॥ एकबालककहन पुकारी।तोहिंसूझतनाहिंगंवारी ॥छन्द॥ तोहिंसूझतनाहिंगंवारिगूजरिकृष्णठाकुरघाटके । आइकाहेनकरोबिनतीअजहुंहैंवर्षसातके ॥ हृदयसमुझि विचारिग्वालिनिकृष्णछांड़िनकहांचली॥ दानदेहुनिवारि अपनोहरिभलेतुमहूंभली ॥ चौपाई ॥ मिलियूथगोपिका आई । पहिचानलियेयदुराई ॥ सुनिबातमबेमुसकानी । हम आजुसुनेहरिदानी ॥ हमकौनकहांतेआई । हमकोहरि चीन्हतनाईं ॥ तुमगोकुलकीब्रजनारी । तुमहौवृषभानु दुलारी ॥ तुमरेशिरगोरसभारा । हमहैंयमुनाघटवारा ॥ कछुदानहमारोलागै। हंसिकैमनमोहनमांगै ॥छन्द॥ तीन लोकमेंकौनजानेघाटयमुनातीरको । जातआतवत कुञ्ज वनमें रहतल लअहीरको॥दानदेववृषभानुलाड़िलि सुयश हमसों लीजिये । नंदकेसुतजानहसोंगर्वबहुतनकीजिये ॥ चौपाई॥तबग्वालसखामिलिघेरे। अरिकामटुकीमहंतेरे ॥ कोइहातडारिदधिकाढ़ैं। तब द्वंद्वचहूंदिशिबाढ़ैं॥ इकग्वा-लिनि उठीरिसाई।प्रभुकायहगतिचलाई॥ कछुमांगदही-भरि लीजै। नइदानकीरीतिनकीजै॥ जोकंसराजसुनिपैहै। तुमहूंकोउदेशपठैहै ॥छन्द॥ जोकंसराजकेराज्यमेंप्रभुनई

रीतिनकीजिये । नंदकेगृहद्वंद्वउपजेदुखपरेतनुछीजिये ॥ सदाआवतजातमथुरादानहमसोंकिनलिये । दहीमांगत छांछदुर्लभनीरयमुनापीजिये॥ चौपाई॥ जबग्वालिनिकहि असबाता। हंसिबोलेत्रिभुवनदाता॥ तुमतीनलोकमेंदेखो। हमकोजनिमानुषलेखो ॥ हमहींसबदैत्यसंहारा । इकका करैकंसविचारा॥ तुमकंसकोकरहुगुमाना । तेहिकालबरीं पिसमाना ॥ अबउग्रसेनभएराजा । हमहूँअबताहिनिवा- जा॥ हमसोंहठवादनकीजै। हँसिदानहमारोदीजै॥ छन्द॥ जाकोवेदपुराणगावैंमनमानैसोईकरै। परमअधीनबलहीन जोनरकंसकेडरसोंडरै ॥ दहीगोरसकोनबूझैदेखअभरण आपनो । जटितहारालालकंचनमांगमोतिनसोबनो ॥ चौपाई॥ कितमोतिनमांगबिराजै। कितपावननूपुरछाजै॥ हितकंठरत्नकेमाला । हीरामणिहूनँदलाला ॥ बाजूबन्द कंगनभलमोहै। नकबेसरसोंजगमोहै॥ शिरबेणीगुथींबहु- भांती। तहँलागिरतनकीपांती॥ मणिमाणिककंगनडोलै। मधुरीकटिकिंकिणिबोलै॥ कितपाटपीतांबरपहिने। कित षोडशभूषणकीने ॥ छन्द ॥ हृदयदेखिविचारिग्वालिनि कुंजवनकीबाटहै । लूटिलेइकोउसबैभूषणकोतुम्हारेसाथ है॥ इहांसबकोदामलागैहठनकीजैसु दरी। कंसतेहमडरत नाहींसुनतबातसबैडरीं॥ चौपाई॥ इककंगनलैजबदीन्हा।

हरिमोंविनतीबहुकीन्हा ॥ प्रभुथोरबहुतकछुलीजै । अब पारसबनकहँकीजै ॥ इकग्वालकराचतुराई । तिनऔघट नावछुपाई ॥ जबआइकृष्णसोंभाखा । प्रभुनावकहांकोइ राखा॥ अकुलाइउठींसँगसाथी । प्रभुसांझपरीयहिभांती॥ तबकृष्णजसबैसमुझावैं । अबनावकहांकोउपावैं ॥ छन्द ॥ औघटघाटजुभीग्यमुना रातको नहिं पथचलै । बाघसिंह वटपारवनमेंकवनतुमकोभलिकहै॥ झूठमायामोहपरिजन स्वप्नहैदिनचारिकै । कोउकाहुकेसंगनाहींअन्तदेखुविचा-रिकै ॥ चौपाई॥ जबग्वालिनिकेमनमाना । धिगजीवनकै जगजाना ॥ धिगजीवनधनपरिवारा । तुमहींप्रभुनाथ हमारा ॥ अबचरणशरणप्रभुदीजे । तनमनअपनोकरि-लीजै ॥ अबचरणशरणसबलागीं। हमहैंप्रभुपरमसभागीं॥ पथरातिपरीअंधियारी । जनिछांड़ियरातमुरारी ॥छन्द॥ जन्महमरासफलकरियेलाजतजचरणनपरीं।कुलकिलाज गमायग्वालिनजन्मजन्मसेवाकरीं । रहभिमोहनसंगहि-लिमिलिमणिनकेदीपकबरैं ॥ श्रीकृष्णराधेयूथग्वालिनि कुंजवनक्रीड़ाकरैं ॥ चौपाई ॥ यकरहसमंडलप्रभुठाना । सबगोपिनकेमनमाना ॥ कोइगंधधूपलेआवैं । नैवेद्यकि जुगुतिबनावैं ॥ तहँराधेजीपानखवावैं । कोइमाथेचमरडु-लावैं ॥ कोइतालमृदंगबजावैं । सुरनारदअमृतवानी ॥

रहसमंडलकरतबखानी । जहंबाजततालमृदंगा ॥ मधुरी ध्वनिवेणुउपंगा। करतालबजेकरिघोरी ॥ रहसमंडलकीघनघोरा । तहंमांझकिशोरकिशोरी ॥ दोउकृष्णराधेकी जोरी ॥ छंद ॥ श्रीकृष्णघंटबजाआरतियूथमिलिसेवाकरैं । गिरिजानंदप्रसादपावैं जन्मजन्मनदुखहरैं ॥ जोनरगावहिं दानलीलासुनहिंजोचितलावहीं ॥ सातो पावहिंप्रेमभक्ती विष्णुलोकसिधावहीं ॥

इति श्रीदानलीलासमाप्त

अथ करुणाबत्तीसी प्रारंभ

श्रीगणेशायनमः ॥ कबित्त ॥ गिरिकोउठायब्रजगोपको बचायलियो, अनलडबारयोपुनिबालकमंजारीको।गजको

अरजसुनग्राहतेछुटायलीनो, राख्योव्रतनेमधर्मपांडवकी नारीको ॥ राख्योगजघंटातरबालकविहंगमको, राख्यो पनभारतमेंभीष्मब्रह्मचारीको । त्रिधातापहारीनिजसंत सुखकारीमोहिं, एकहीभरोसोभारीऐसोगिरिधारीको ॥१॥ कमलानिवासनिजदासनकीपूरैआश, ताकेविशवासविष भष्योमीराबाईहै। केशवकमलनैनसंतनकरनचैन, सनहित भयोभूपमंजनकोनाईहै ॥ इंद्रजूकोहर्‌योमानसुदामाको दियोदान, भक्तजानिछानिनामदेवजीकीछाईहै । नंदके कन्हाईनिजसंतसुखदाई, बलदेवजूकेभाईसोहमारेहूसहाई है ॥२॥ काहूकेआधारसेवावणिजव्यापारनको, काहूके अधारथितवितखेतगाँवको । काहूकेआधारतनसारभ्रात बंधुनको, काहूकेअधारप्रियसारनिजनामको ॥ काहूके आधारविद्याबुद्धितनबलकोहै, काहूकेअधारहाथीघोड़ा धनधामको । मैंतोनिराधारमेरोहरिहीकरैगेपार, मेरेतो अधारएककेवलहरिनामको ॥३॥ केऊकर्मवादीकेऊअनु- भवप्रसादीभयो, केतनकीमतीभईन्यायसांख्यमतकी । केतेजगदानीयमनेमकोप्रमाणकरैं, केतेपरतीतकरैतीरथहू व्रतकी ॥ केऊब्रह्मचारीकेऊयोगीजटाधारीभये, वानप्रस्थ केतनकूंदयासांघसत्यकी । मैंतोहूंपतितमेरोकौनद्यौसह्वैहै गति, रमापतिराखोपतिमोसेहूपतितकी ॥४॥ केऊकरैसेवा

केऊराखतहैलेवादेवा, केऊकीग्षानताके खेतहीकोहीलाहै। केतेकर्मवासीकेतेदानहूकेआसीक ते, गानतानविषयकेवि-विधरसीलाहै ॥ केतेमहाकूरकेतेसबगुणपूरधार, केतेअति बांकेरणखेतमेंअरीलाहै। मतोमहाकूरताकेउद्यमनधुरएक, यशोमतिप्यारेकेरोहमारोवसीलाहै ॥ ५ ॥ केउप्रेमलक्षणा भगतिकोविचक्षणहै, नीकीभाँतिसेवाकरिजानैविधिज्ञान की। केऊतत्त्वबोधसेती आतमकोशोधकरै, साधैनित्ययोग गतिजानैगेधपानको ॥ केऊतनशासनासबासनाजेतनसहैं, केऊकैउपासनागणेशशिवभानकी । हूंतौहू अजानताके काहूसोंपिछाननाहीं, कोऊकछुजानैहूँतौजानूंनाथजानकी ॥ ६ ॥ जैसेखगबालककोराखिलयोघंटातले, लाक्षागृह बीचराख्योपांडवनसाथको। राख्योजुपरीक्षितकोमाताके उदरमाहिं, राख्योग्वालबालगिरिधारयोनिजहाथको ॥ पारथकेस्वारथकोसारथीभयेहोतुम, सखानिजजानकैजि-तायोहैभारथको । पावकप्रजारीतहांराखीहैमंजारीहूको, वैसीभाँतिराख्योनाथमोसेहूअनाथको ॥ ७ ॥ केउध्यान धारणासमाधिविषेलीनभये, मिलावेपरमात्मामेंआतम विचारिको। केतेनिषकाममनअजपाकोजापजपैं, केतेभजैं शंकरधतूरकेअहारीको ॥ केतेसकाममंत्रआठौयामजपैं, केतेलाभगतिदामकोगणेशसुखकारीको । तेरोध्यानज्ञान

तेरोआसरोतिहारो मोहिं, कोऊकछुध्यावो मैं तो ध्यावौं गिरिधारीको ॥८॥ लीलाहैअगाधव्रजवासिनकेहेतुसेती, धनाजूकीखेतीबिनबोयेनिपजाई है। भीषमकोप्रणऔर द्रौपदीकीलाजराखी, अशरणशरणकीर्तिवेदमध्यगाईहै॥ बूड़तबचायोव्रजकरगिरिधारयोनाथ, साहबननरसीकी हुंडीसकराईहै। करियेनबारअबसुनियेपुकारमेरी, मोपै व्रजराजगजराजकीसीआईहै॥९॥ दीनबंधुदयासिंधुमेट दुखद्वंद्वनके, ऐसेतोअनेकबिरदग्रंथनमेंकहीहै। गोपमेहते उबारेराजाबंधतेनिवारे, भारतमेंपार्थहितएतेशरसहीहै॥ नाभाऔकबीरगीधगणिकारुकरितारे, चीरबाढ़िद्रौपदीको जक्तयशलहीहै। बेरामांझधारमेरोदुःखवारपारदेके, एहो नाथदयानिधिमेरोहाथगहीहै॥ १० ॥ छंदमत्तगयंद॥ आरतनेकगुहारसुनीतबदीनदयालुकिरीतखरीकी। दौरतहै तजिकैनिजधामसुबातसुनीतबभीरपरीकी॥ मेरियबेरबि-लंबरहेसुकहातकसीरकरीजुहरीकी। धायसबेरसुनीजबटेर करीनहिंबेरसुबेरकरीकी॥ ११॥ तादिनटेरसुनीततकाल सहायककाजकेआनखरेहो। संतनहेतअनंतनपारजुआप सबैअवतारधरेहो॥ मेरीगुहारकरौनहिंकानसुकान्हबहो किनबानपरेहो। पौढ़रहेवटपातमेंनाथकिबौरभयोंकिजुराज

करेहो॥१२॥ कबित्त॥ तबतोहेभक्तनसहायकाजब्रजराज, कंसकोबिडारमतिधरीनाहिंमामाकी । बादलभरल्याये जुलाहाकेदयालुहोय, गवुहीजिवाइअरुछानछईनामाकी॥ संतनकोप्राणराख्योग्वालगनव्यालसेतीं, विपतिहरीसंपति अमितसुदामाकी। अहोबलबीरतुमद्रौपदीकोबाढ़्योचीर, हरैक्योंनपीरअबमोसेनिहकामाकी॥१३॥ द्रौपदीकीलाज काजद्वारकासोदौरआये, चीरकोबढ़ायटेकराखीसत्तशील की। पुत्रहेतुनारायणनामलेततकाल, काटेयमजालगति भईअजामिलकी॥मूठीएकचावलकीखातहीनिहालकियो, कैसीदशाभईउनब्राह्मणकुचीलकी । मेरेहूकरोवीढीलहोत होकहावमील. तबतोनकरीढीलटेरसुनीपीलकी ॥ १४॥ कबकोपुकारतहौंसुनतनीएकौबात, एहोनंदलालतुमकैसे प्रतिपालहौ। कहतेदया सोतोदयाऊनदेखियत, मेरीमति ऐसीआछेनीकेपशुपालहौ॥धारयोहैनृसिंहरूपतबैप्रहलाद काज, अबतोनलाजकछुगोधनमेंग्वालहौ । डारयोतेल काननमेंबसेजायकीधोंबन, शेषशैनलेटकीधोंपैठेधोंपताल हौ ॥ १५॥ बेरबेरटेरटेरजीभहूँशिथिलभई, हरौनाहिंमेरी पीरकैसेअभिमानीहो । कृपणभयेहोकीधौंमौनकोगहेहौ, कान्हदयाऊनआवैअबकैसेउनमानीहो ॥ कैसेकैउदारतुम होतहोमुरारगोपगोपिनके, प्यारेछाछदूधकेदानीहो। बकि

बकिथकोबानीकछुहूनचित्तआनी, जानीहमजानिबूझिकरौ आनाकानीहो ॥ १६ ॥ वेदऔपुराणनमेंकरतबखानऐसे, सतयुगबीचध्रुवप्रहलादतूठेहौ ॥ त्रेताहूकेबीचनीचकुलकी नकरीकानि, भीलनीकेहाथप्रभुभखेबेरजूंठेहौ। द्वापरकेअंत तुमद्रौपदीकीलाजराखी, पांडवनकाजदलकौरवकूंरूठेहौ॥ अबकलिकालमेंजोकरोनासहायमेरी, सबलोगहँसकैकहैंगे हरिझूंठेहौ ॥ १७ ॥ हमैंतुम्हैंबनैगाढ़ीअतिहीवयसबाढ़ी, ताकोकरोकौनसोनिबेरोअबन्यावरो । टेरतहूंभोरसांझ ताकीपरवानकछु, जानतहोऐसेजूंबकैहैकोईबावरो ॥ मैंतो महादीनतुमनायकहोदीननके, नामसोंप्रणामअबकरौकौन चावरो। वृद्धकोविचारकैमुरारीमेरीलाजराखो, मेरीलाज खोयेजाइयेबिरधरावरो ॥ १८ ॥ जादिनबहोतभईतबकी कहीजानतनहीं, सुनोकानदेकैज्योंहैबाततंतकी । भयेहो कठोरजोरकियोकहाचाहतहो, नंदकेकिशोरलाजराखो क्योंनसंतकी॥करोगेसहायकबदुःखितभयोहोंअति मोपै यदुरायहायपरीहैदुदंतकी । टेरतहोंबेरबेरभौंरमाँझमेरी अर्ज, एहोहरितोकोकछुखबरहैवसंतकी॥१९॥एहोयदुराय मैंकहतहौंसुनायअब, नीकेचितधारिप्रभुनेकनारिसायहो। हूँतोपरचोगैलताकीकियेहीबनेगीटैल, सबसोंबसायप्रभु मोसेनाबसायहो ॥ दयावंतकहावैतोदयाहूकोकाजराख,

मोसेअतीततीनलोकमेंनपायहो। खेयतहौंविपतियेघेरलई चहूंओर, मेरीकरहोसहायकौंधौंलोकनहँसायहो ॥ २० ॥ जगतकेस्वामीअंतजानिहू ' हावतहो, हरतनामेरीपीरएते अभिकूकेपर। सुदामाविभीषणकोक्षणमांहिराजीकिये,हरी करीयेवोकहामोसेएकटूकेपर ॥ मोपैपरीभीरतुमदेखतहौ विनापीर, ऐसेघनश्यामघनवृथाखेतसूखेपर। करनीसहाय तोवोवेगहीसहायकरो, पीछेकहाहोतकियेऔसरकेचूकेपर ॥ २१ ॥ कहाहैभयोजोतुमद्वारकाकेराजाभये, गोकुलके वासीखासीछाछिकेदिवय्याहो । कभूंमच्छवाराहनृसिंह परशुरामभये, कभूंभयेवामनआछेस्वांगकेभवय्याहो ॥ धेनुकेचरैयागुंजमालकेधरैया पुनि बंशीकेबजैयाअरुबनमें रहय्याहो । टेरतहौंप्रातरातबूझौनाहिमेरीबात, जानीहम तातभृगुलातकेखवय्याहो ॥ २२ ॥ कौरवकोवंशबोरचो कंसजूकोकंधतोरचो, गोपिनकोदधिचोरचोबड़ेवटपारेहो। वृन्दाअरुबकीबोरीकुबजासोंप्रीतिजोरी, दानदेतबलिबो-रचोचोरचीरवारेहो॥कबहूंकुलीनकीसहायकरीसुनीनाहिं, वेश्याअरुकीरगीधऐसेनकोतारेहो । जरासंधसेतीहारजाय द्वारिकापधारे, कौनकाजसारेहरिऔरकेबिगारेहो ॥२३॥ गौतमकीनारीताकीकथाबहुविसतारी, यद्यपिउधारीतनु छिद्रउघरायकै। दुःशासनद्रौपदीकेसभाबीचकेशऐंचे, तब

लाजराखलईलाजकोगमायके ॥ भयोबलहीनअतिहीअ-
धीरछीन, तबगजकाजहरिआयेवेगतुमधायके । दीनके
दयालुप्रभुयामेंतोसन्देहनाहि, करतसहायआपनीवेतन
तायके ॥२४॥ काहूकेतोहेतकरिखेतहूनिकायदीयो, काहू
परीप्रीतिकाजमेघभरिल्याये हैं । काहूके मजूरहोइछानहू
छिवायदई, नाईहोइनृपतीकोआरसीदिखाईहै ॥ काहूपै
दयालुहोइदारिद्रविदारदियो, काहूहेतसाहबनिहुंडीसक-
राई है । करीहौमजाकसोतोदेखतहोंआयसब, मोसूंतो
तिहारेनबातनईबनाईहै ॥ २५ ॥ जानतहौंभलीविधिबड़े
विशवासीपरछलकोकैरयाऐसोदेख्योकोइधूतना । पांडु
पुत्रहेतुकुरुक्षेत्रमेंमचायोयुद्ध, कौरोवंशबोरबेकोऐसेकोऊ
दूतना ॥ महानिरदयीकछुबातहूनजातकही, यदुवंशबोरबे
कोऔरकोउपूतना। अस्तनकोपानकरप्राणनकोपानकियो
पूतनासुपूतनापुकारतमोपूतना ॥ २६ ॥ दाससुदामाको
संपतिदीचुटकीभरि, चावलपैलहिलीने। सागकेपातपचो-
लीकेखाइ, तबैऋषिभोजनदीनेनवीने ॥ कंसकीदासीपै
चन्दनलैपटरानीकरीकैहौमानकरीने । कारजजोजगमें
यदुरायअकोगलियेविनकौनोकीने॥२७॥ याहीजगहेतुप्रभु
केतेअवतारधरे, ताकेअबपालवेकोकैसेमनमारोगे । एहो
जगजीवजगदीशपोषणभरन, विरदनिबाहनमेंकैसेदिल

चोरोगे ॥ विरदकेकाजनअधीरभयेजातहोसो, कहाश्रेष्ठ सेतीनेहतिनकासोंतोरोगे । धरिकेवराहरूपअवनीनिकारी आप, अबकहापृथ्वीकूंबिनाहीमोहबोरोगे॥२८॥ ब्रह्मारु महेशशेषनारदगणेशकहैं, भक्तनकेकाजहरिआपदेहधारी है। मंगलकरनदुखद्वंद्वकेहरनपुनि, पोषणभरनऐसेरटैंनर नारीहै ॥ विरदभक्तवत्सलसोवेदऔपुराणकहैं, जानतहों जाकेअबखोवेकीबिचारीहै। द्वारकाकेबासीजातकेमेवासी अबमेरीहोतहांसीयामैंहांसीतोतिहारीहै ॥२९॥ पीपासों पापीअजामीलसोसुरापीअरु,व्याधसोंअधमतारचोअह-ल्याउधारीहै। रांकाबांकाकीरतारेकेतकअहीरतारे हाथीसे हजारवारपुनिवारन्यारीहै ॥ कूबरीदासपीपाधनानामदेव छीपाऐसेतोअनेकतारेतारचोनागकारीहै।अधमअधमतारे केऊअधमीउधारे सबकाजसारेअबबारीहीहमारीहै॥३०॥ करुणानिधिकान्हसुनोविनतीसुनवेकेबिनाप्रभुकैसेसरैगो। दीनदयालुदयाकरियेविमलाकरियेतोपलाउघरैगो॥ मोसे कुपूतकेकामकृपानिधियायुगमेंकहोकौनकरैगो । तातेअ-नाथकोहाथगहोरघुनाथविनादुखकोनहरैगो ॥३१॥ करत अपराधभारेसांझतरकौरनिति अतिहीकठोरमतिबौरकौन कामहौं।आतुरअधीरतातेधीरजधरतनाहि ऊंचनीचबोलि गतिबकूंआठौंयामहौं ॥ अरचानजानूंकछूचरचाबूझतहौं

कछूहेतप्रातमेनलेतहरिनामहौं । सबतकसीरबलवीरमेरी माफकरौ कहैमाधोदासप्रभुतोरहीगुलामहौं ॥ ३२ ॥

दोहा-याकरुणाबत्तीसिको, पढ़ैसुनैनरनारि ।
ताकेसबदुःखद्वंद्वको, काटैंकृष्णमुरारि ॥ १ ॥

इति मुन्शीमाधोदासकृत करुणाबत्तीसी संपूर्ण ।

अथ नरसीमेहताकी हुंडी

चौपाई ॥ श्रीगणपतिकोपहिलेध्यावौं । जबनरसीकी हुंडीगावौं ॥ परमभक्तम्हेताहैनरसी । रामभजनमेंवृद्धिहै सरसी ॥१॥ निशिदिनरामकृष्णचितधरै । झूठीदंतकथा नहिंकरै ॥ जाकोहैजूनागढ़वासा । रामभजनमेंरहैहुलासा ॥२॥ जहँआयेसाधूजनदोय । बासोलेकररहियासोय ॥ प्रातजागपूंछतहैंतहां । कौनलिखतहैहुंडीयहां ॥३॥ एक

मसखरेकीनीहांसी । सुणज्योहोतीरथकावासी ॥ घरम्हेता नरसीकेजावो । चाहेजितनीहुंडिदिखावो ॥ ४ ॥ उनके धनकोछोड़ोनाहीं । बहुतेरीलक्ष्मीघरमाहीं ॥ जबसाधू पूछतघरआये । नरसीजीघरबैठेपाये ॥५॥ रामरामसाधू बोले जब । उठिप्रणामनरसींकीनोतब ॥ उज्ज्वलजलसों पांवपखारे । ऊंचेआसनपरबैठारे ॥६॥ पांवपखारलियो चरणामृत । धनधनअपनोभाग्यबखानत ॥ श्रद्धामाफिक करीरसोई । पायेसुखसाधूजनदोई ॥७॥ चलूकरीआराम करायो । नरसीपगचंपीकोआयो ॥ साधुनसोंपूछतहैऐसे । मोपरकृपाकीनप्रभुकैसे ॥ ८ ॥ साधूबोलेबातबनाय । नरसीजीसुनियोचितलाय ॥ संगनमिलेचलेनहिंसाथ । हमपासेरूपयासौसात ॥९॥ रोकरूपैयाघरमेंधरो । नगर द्वारकाहुंडीकरो ॥ शाचतनरसिकहाकहुंइनको । करमजाक भेजेहैंजिनको ॥१०॥ मेरेतोहरिनामअधार । येहीवणिज करौंव्योपार ॥ अबहरिकीअस्तुतीकरतहै । तोसुमिरेसब कामसरतहै ॥११॥ गजसहायकीनीततकाल । गरुड़छांड़ धायेगोपाल ॥ परसीशिलाचरणरजधारी । गौतमनारि अहल्यातारी ॥१२॥ पृथ्वीअसुरडुबोईजबै । धरिवराहतनु आनीतबै ॥ हिरणाकुशजबखरोरिसायो । हैनृसिंहप्रह्लाद बचायो ॥ १३ ॥ चारमासतुमबलिकेद्वार । आपुपधारे

श्रीकरतार॥ मारचोपापीरावणसई। लंकविभीषणकोतुम
दई॥१४॥ सुतसनेहहरिनामउचारचो। अजामीलसोपापी
तारचो॥ आठौयामपढ़ातीकीर। गणिकातारीश्रीरघुवीर
॥१५॥ जूठेबेरभीलिनीहाथ। आपअरोगेश्रीरघुनाथ॥
भेजीकंसपूतनाआई। बनीरूपअतिसुन्दरताई॥१६॥
श्रीमुखमेंजबअंचलदीनू। ताकोप्राणसोखतबलीनू॥ शक-
टासुरराक्षसजबआयो। बैठोगाड़ेबदनछिपायो॥१७॥
दीन्हीलातकन्हैयालाल। मारचोपापीकोततकाल॥ तृणा
असुरअतिगरदउड़ाई। नंदगांवमेंधूममचाई॥१८॥ लेकर
कान्हगयोआकाश। मुष्टीमारकियोतबनाश॥ बालपने
तुममाटीखाई। मातुयशोदामारनआई॥१९॥ देखमातु
मैंकछुहुनखायो। तीनलोकमुखमेंदरशायो॥ देखयशोदा
विस्मयभरी। पलमेंमायादूरीकरी॥२०॥ दोहा॥ पय
उफनातोदेखकर, गईयशोदादौर। पीछेदधिकीमाथनी,
फोरीनंदकिशोर॥२१॥रासभरीमाताजबै,सुतकोपकरचो
धाय। ऊखलसूंबांध्योतबै, नँदनंदनब्रजराय॥२२॥ दो
रूखनकेबीचमें, ऊखलखैंच्योजाय। नलकूबरपरकटभये,
टूटपरचोवृक्षराय॥२३॥ नारदजीकोशापहो, दूरभयो
ततकाल। चटविमानसुरपुरगयो, तिनकोकियोनिहाल
॥२४॥ वत्सासुरबच्छोभयो, रूपकपटकोधार। श्रीकृष्ण

वाकोमारियो, पटक्योपांवपछार ॥ २५ ॥ वरुणलेगयो नंदको, यमुनामाहिंडुबोय । पितासांचजानींतबै, कृष्ण छुड़ायोमोय ॥२६॥ चौपाई ॥ चोरेचीरजबैघनश्यामा । व्रजवासिनकेपूरणकामा ॥ ऋषिपत्नीकेकरकेतांवण । आप अरोगेयुगकेजीवण ॥ २७॥ जलयमुनाकोमोटोभाग । जामें नाथ्योकालीनाग ॥ वत्सग्वालब्रह्माहरलीना । नंदलाल फिररचेनवीना ॥ २८॥ वर्षएकलागीसबमाया । व्रजबासी कछुलखनहिंपाया ॥ कोप्योमघवाव्रजपरजबहीं । गोपी ग्वालबचायोतबहीं ॥ २९ ॥ धनधनव्रजकेगोपीग्वाल । सदाखेलेतुमउनसँगख्याल ॥ निशाशरदअरुबालासाथ । रासरमेश्रीगोपीनाथ ॥ ३० ॥ साथअक्रूरमधुपुरीआये । नगरलोकअतिहीसुखपाये ॥ कुबजासँगतुमरमेकृपाल । क्रीडाकीन्हीश्रीगोपाल ॥ ३१ ॥ हाथीहत्योकुवलयापीड़ । जिनकोकंसचढ़ायोभीड़ ॥ जानबूझकैभलोखिलायो । पकड़शुण्डकरिदूरबगायो ॥ ३२ ॥ मुष्टिचाणूरहतेद्वैमल्ल । कुस्तीकरिपारचोयकपल्ल ॥ पापीकंसहत्योमहराज । उग्रसेनकोदीयोराज ॥ ३३ ॥ आठभईतुमपैपटरानी । एकते एकअधिकमनमानी ॥ अंतर्यामिद्वारिकानाथ । उनकोहै शिरमेरेहाथ ॥ ३४ ॥ दोहा ॥ अतिसुन्दरिहैरुक्मिणी, लक्ष्मीकोअवतार । सतिभामाकोमानहैं, जाम्बवतीसूं

प्यार ॥ ३५ ॥ कालिंदीनागनजिती, भद्राजीसोंहेत । मित्रविंदाअरुलक्ष्मणा, कुलकोशोभादेत ॥ ३६ ॥ चौपाई ॥ पारिजातसुरपुरसूंल्यायो । सतभामाघरआनरुपायो ॥ भ्रमउपज्योनारदकोजबै । महलोंमहलपधारेतबै ॥ ३७ ॥ विपतिसुदामाकीतुमहरी । घरमेंऋद्धिसिद्धिबहुकरी ॥ अग्नि अजीर्णहोगईजबै । बनखंडीमेंचराईतबै ॥ ३८ ॥ यज्ञराज पांडवकोकियो । थालीमांजनकोतुमरयो ॥ जबजबबोल्यो जोशिशुपाल । थालीफेंकिहत्योततकाल ॥ ३९ ॥ जबे द्रौपदाकीनीभीर । वस्त्रबढ़ायोघटचोनचीर ॥ शापदेन पांडवकोआये । वनमेंऋषिकोबोतअघाये ॥ ४० ॥ दास विदुरकोमोटोभाग । अतिहिप्रीतिसोंपायोसाग ॥ भीषमको प्रणराख्योजबै । भीरपड़ीभारतमेंतबै ॥ ४१ ॥ परीक्षितकी तुमकीन्हिसहाय । गर्भवासमेंलियोबचाय ॥ भारतमेंअति युद्धमचायो । भारदूलकोअंडबचायो ॥ ४२ ॥ मित्राचार कियोहैपारथ । जाकोआयजितायोभारथ ॥ पांडवको अश्वमेधकरायो । अतीप्रीतिसोंहेतुजितायो ॥ ४३ ॥ मद्य पियोयादवमिलसबही । तोइच्छासोंप्रगटेसबही ॥ उद्धवको तुमज्ञानसिखाये । कृष्णरूपप्रभुधामसिधाये ॥ ४४ ॥ तेरे गुणकोकहाविचारा । सुरतेतीसनपायोपारा ॥ मैंहूँदीन औरनहिंहाथ । आपकहींजेदीनानाथ ॥ ४५ ॥ तुमअनेक

भक्तनकोतारे। संतहेतुबहुकारजसारे॥ मैंशरणागतआयों
तेरी।तुमपरतिज्ञाराखोमेरा॥४६॥गद्गदहोयप्रेममेंपाग्यो।
अबहुंडीलिखनेकोलाग्यो॥ नगरद्वारिकासिद्धिश्री। शुभ
सुथानजहाँबसैहरी॥४७॥श्रीसाहाजीसाँवलनाम।जिनको
नरसीकरैप्रणाम॥ तुमपरतापचैनहैयहां। अतिआनंद
चाहियेवहां॥४८॥ पानकपूरआरागणलीजे। डीलांका
बहुजतनकरीजे॥ डीलांपाछेसारीबात। मुदारगिणज्यो
डीलांसाथ॥४९॥ अपरंचसमाचारसोंकाम। हुंडीसिकार
दीजोदाम॥ हमराखासाधूजनपासा। साहथांगतुमदीजो
खासा॥५०॥ सातासहकारूपयालीना। नेमेजाकासाढ़ा
तीना॥पूणादोयचौगुणाकीजो।देखतसबैदामगिणिदीजो
॥५१॥ मितीमासअरुसंवतदीनू। लिखिसिरनामोकोटो
कीनू॥हुंडीसाधूलीनीजबै।नरसीउनकोबोल्यातबै॥५२॥
हाथेसांवलसाहकोदीज्यो। तुरतरूपयाअपनालीज्यो॥
काटिमैंजलपहुंचेतहां। नगरद्वारकासांवलजहां॥५३॥
जाकरभेंटैश्रीरणछोड़।पापगयेसबतनुकेकोड़॥तीरथवासी
पूछतजहां।सांवलसाहरतहैकहां॥५४॥कोइबतावोउनको
वास। सांवलपरहमहुंडीपास॥ लोगनगरकाऐसीकहै।
सांवलसाहयहांनहिरहै॥५५॥ कोउठगारेपासठगाये।
तुमसोहुंडीखोटीलाये॥ देरनकरोबेगितुमजावो। उसी

ठगारेकुंपकड़बँधावो ॥५६॥ उपजीजीवकोबड़ीउदासी । पाछाचाल्यांतीरथावासी ॥ कोसदोयतीनकजबआया। बैठे ताकवृक्षकीछाया ॥५७॥ गयाजीवसेवर्षउछाह । जबहीं आयोसांवलसाह ॥ रामरामकरबैठोआगे। हालहकीकत पूँछनलागे ॥५८॥ साधूबोलेमधुरीवाणी । कहाकहूँकछु अगतनजाणी ॥ सांवलपरहुंडीहमल्याये । जाकेदामकछू नहिंपाये ॥५९॥ अबपीछानरसीपरजावां । ईजतउसकी खूबगमावां ॥ जबबोलेतुमसारोकाम । सांवलसाहहमारो नाम ॥६०॥ बसूंद्वारकाअतहीछानै। कोइकहरिकोसेवक जानै ॥ हुंडीकाढ़ौरुपयालीजे । खरचोखावोजेजनकीजे ॥६१॥ जबसाधूजनभयेखुशाल। हुंडीकाढ़दीनततकाल॥ गांठीरुपियाबांधाजबै। सांवलकोपूछतहैंतबै ॥६२॥ कहा साखअरुकहापिछाण। नरसीकातुमकरोबखाण ॥ सांवल कहेसाधुसुणलीजे। नरसीमेरासखागणीजे ॥६३॥ मैसेवक नरसीकातनी। उसकीमोपरकिरपाघनी॥ उसकोबेच्योहू बिकजाऊँ। अधिकीऔरकहादरशाऊँ॥६४॥ मनमेंआयो अनँदउछाह । कागजलिखतहैंसांवलसाह ॥ सिद्धिश्री जूनागढ़वास । विराजमानहोहरिकेदास ॥ ६५ ॥ सर्व ओपमालायककरूं । तापरश्रीअष्टोत्तरधरूं ॥ जिनकोहै नरसीजीनाम । चरणकमलपरकरूंप्रणाम ॥ ६६ ॥ कृपा

तुम्हारीसुखहैयहां । अतिआनँदचाहियेवहां ॥ खानपान
चितनीकेआनूँ । मुदारडीलांपाछेजानूँ ॥६७॥ सदाकरतहो
हमपरदाया । जाहीभाँतिराखियोमाया ॥ हुंडीतुम्हरी
साधूल्याये । जिनकोदामदियेपरखाये ॥६८॥ हेतकरोतुम
अनँदअपार । हुंडीलिखजोवारंवार ॥ इसविधिकागज
लिखयोजबै । सौंप्योसाधूजनकोतबै ॥ ६९ ॥ यहदीजो
नरसीकेहात । एकजबानीकीजोबात ॥ दूजीचितमेंकभीन
आनो । सांवलकोसेवकहीजानो ॥७०॥ ऐसीबातपरस्पर
भई । बिदाहुयेसाधूजनसही ॥ फिरतफिरतजूनागढ़आयो ।
सैंदआगलीचितमेंल्यायो ॥ ७१ ॥ साधूजनकरआघो
कीनो । कागजसांवलतुमकोदीनो ॥ इसकासमाचारतुम
बांचो । मित्रतुम्हारोसांवलसांचो ॥ ७२ ॥ कागजलियो
जबैततकाल । बांचतनरसीभयेखुशाल ॥ धनधनसाधू
तुम्हरोहीयो । तुमसांवलकोदरशनकीयो ॥७३॥ इसविधि
करीभक्तकीसाह । हुंडीसिकारीसांवलसाह ॥ कबीरकेघर
बादलल्यायो । धनाभक्तकोखेतनिकायो ॥ ७४ ॥ राणे
विषकोप्यालोभरचो । चरणामृतकोनामजुधरचो ॥ मेल्यो
दासीहाथेजबै । मीराबाईपीगईतबै ॥७५॥ सुखउपज्यो
पीयतपरान । सहायकरीश्रीभगवान ॥ खीरआरोग्यश्री
यदुराय । नरसीकीहुंडीसिकराय ॥७६॥ सोरठा ॥ नगर

नागपुरवास, नामजेठमलजानिये । हरिभक्तनकोदास, संवतसतरासोदशऊपरै ॥७७॥ समयबैठगुरुवार, जेठशुक्ल पछअष्टमी। हरिगुणकियोउचार, जोबांचैसीखैगुणै॥७८॥

इति श्रीनरसी मेहताकी हुंडी समाप्त ॥

अथ हनुमानविजय प्रारम्भ

श्रीगणेशाय नमः ॥ दोहा ॥ स्वस्तिश्रीपतिपशुपती, गणपतिमृगपतिमाय । श्रीधर जगपति खगपती, वंदौं नगपतिराय ॥ विजयहनूवर्णनकरूं, हृदयघनूँआनंद । श्रीधरमारुतनंदको, दर्शनपरमानंद॥२॥ छंदकरखा॥ ॐ नमःशारदासुमतिमनमेंबसो कुमतिकेअंधकोफन्दतोड़ै । ह्रींनमःहाँकहनुमानमहावीरकी भीरकादुःखकासुखमोरै ॥ श्रींनमः सर्वदासंपदाआप श्रीलक्ष्मीनाथकेहाथपावै। क्लीं नमःक्लेशसंतापदुखदूरको विजयहनुमाननरनामगावै॥१॥

प्रथमजानासूँकामजगमेंकरैं दुःखकेहरणसुखकरणगन्ना । बुद्धिकेसिंधुश्रीगिरिसुता पुत्रकेचरणपदशरणकोधरणमन्ना ॥ गुरूपदकंजकरिंजमकरंदमन भ्रमरयूंसुमरकरशीशनाऊँ। कोटितेंतीसमिलिदानआशीशद्यो हृदयहनुमानकोध्यान पाऊं ॥२॥ जगतमेंजगमगेज्योतिज्वालामुखी जाहिपद पंकमेंशंकनाहीं। हनुमानहंकारटंकारकीशक्ति गुरुशिष्यकी भक्तितिहुँलोकमाहीं ॥ चलतहैमंत्रश्रीवचनईश्वरतणांटलत दुखरोगबहुखुलतभोगा । हृदयहनुमानकोध्यानसुखगान करमानसन्मानसबकरतलोगा ॥ ३ ॥ विजयहनुमान विस्तारसंसारमेंजीति गढ़लंकनिशंकगाऊं । बुद्धिकोहीन अतिदीनगुणतीनपणवीरमहावीरकीभीरपाऊं ॥ मातश्री अंजनीअंशईश्वरतणौं दानवरदानसुरईशदीयो । अरुण प्रतिबिंबकोउदितहगदेखकर फूलमखतूलज्यों ग्रासकीयो ॥४॥ वालिकीविपत्सूंवसेऋषिमूकपैतहां मनधीररघुवीर आये। जहांतुमआयकेभक्तिपदपायके मित्रसुग्रीवसोंप्रीति ल्याये ॥ गयेगढ़लंकपैपवनकेवेग आकाशमेंयक्षिणीत्रास खाई। मुद्रिकाआपरघुवीरकेहाथकी बातकरजानकीखबर पाई ॥५॥ बेफिकरबाटिकाताहिखंखारिअरिपुत्रकोमार कपिनामपाये । दनुजदलतोड़करपिपूँछकोमोड़पुनि मातु ढिगदौड़पदशीशनाये॥ होतहाहाकारगढ़लंकदरबार लंके-

शके पासकपिआपआये। वचनसेमोहवशभयेसबराक्षसा लंकपरजारजगजयतिगाये॥६॥पड़ेहैंआयरघुवीरकेपाँयमें वीनतीबहुतकरजोरकीनी। लंकपुरजारतापुत्रकोमार श्री जानकीनाथकोखबरदीनी॥ चढ़रणधीरबहुफौजकीभीर तबदाहिनीबाँहपरअनुजसोहै। दक्षणीकोणपरकोपकोनेत्र जबसहायकोकरणअबऔरकोहै॥७॥ गयोगढ़लंकपरडंक हनुमानको रंककीशंकनहिंअंकजेती। द्विविदसुग्रीवनल नीलऋषिराजपुनि अवरयुवराजहनुमंतनेती॥ सिंधुपर सेतुघरपाजपाषाणकर नामपरतापकपिकटकपारा। जय शब्दउच्चैरभूमिसबथरहरैफरहरैध्वजादशग्रीवद्वारा॥८॥ कोटपरकूदकरकांगरेकांगरेनागिरेनाडरैकपिजूकूदै। उमंग मनमांहरघुनाथकेवचनराजा यदाखळभयेमहलसूदै॥ रामकेछुवनपदआवहोलंकपतनाथ बखसींसदालंकतेरी। कहतमंदोदरीपीवसुनपापियारामदलरामदललंकघेरी॥ ॥९॥ दशाननकोपकरकहतसुनकामिनीभामिनीदामिनी जातचपला।दामनीचपलघनमेघमेचलपलेभामनीहलपलै भुवनभबला॥ सूरनरघरपलैसमरसंग्राममें शत्रुकेशीश भुजदंडतोड़ै। कहतदशग्रीवसुनराजमंदोदरीलाजकेकाज क्यूंमुःखमोड़ै॥१०॥ कोटगढ़लंकआखातदरियावसे मेरुसमबंधुहैकुंभकर्णा। हारकैजायँगेवनचरामानवायुद्धमें

जीतिहैंलंबकर्णा॥ जानकीहेतुउद्योगनृपरामको मनुजकहं
जीतिहैंदनुजहाते। कहतदशग्रीवसुनरानिमंदोदरीरामके
अनुजकोतनुजशीते॥११॥रामकोदासआगमकोनाशकर
लंकसोधामनिष्कामझांपै। अंजनापूतसोरामकोदूतहै
छूतकीहूतसेभूतकांपै॥ एकहीवनचरीकियाविपरीतपुर
छांड़अभिमानसुखठानजीजै।कहतमंदोदरीपीवसुनप्रीतसे
जनकजारामकोभेंटकीजै॥ १२॥ नटचोनिशिराजमन
रटचोगौरीशको कटचोतनुचाहियेरामशस्त्रै। शटचोजब
सेनमेंघटचोजूमेघमेंलटचोज्यूंलेतललकारवस्त्रै॥ चापशर
करनमेंधच्योतनुघरनमे वस्योमनचरनमेंशरनकाजे।जनक
जाहीयमेंरामकोबासरघुनाथकेहीयमेंब्रह्मांडराजै॥१३॥
अखिलब्रह्मांडकोभारलेसमरमें रामकेसंगदशग्रीवजूझै।
वीरहनुमानसंदेहकरमोहसेनाथकेकानमेंबातबूझै॥ कीजिये
सहायसबसृष्टिकीकृपानिधि दुष्टकेबाणहियटालमारो।
शत्रुकोवद्धकरकार्यकोसिद्धकर भरतकेशीशपरहस्तधारो
॥ १४॥ वीरकीविनयसुनवीररघुवीरशरचंडकोदंडध्वनि
भूमिजागी। ईशकीशक्तिघननाददेहाथसे अनुजकेआय
अनमोघलागी॥ सिंधुकोकूदकरपलमेंपहाड़धर प्राणसं-
जीवनीत्वारआनी।लषणकोप्राणदारामकोनामलेसेनजीवंत
करसिंहवाणी॥१५॥ रामकोअनुजलेधनुषकोश्रवणलग

तानशरचंडरिपुवक्षभेद्यो । रामशरचंडलेखैंचकोदंडकोमेरु घटकर्णकोशीशछेद्यो ॥ समरमेंरुंडमुंडावलीभटनर्कासुभट नरबानराशस्त्रमारैं । चढ़नाभयानसुरसिद्धगंधर्वमुनिसुमन कीवृष्टिआशीशधारैं ॥१६॥ होतहुंकारध्वनियुद्धमेंशुद्धसे रामशरसाधदशग्रीवमारचो । बीशभुजशीशदशअंगप्रति अंगसभकाटलंकेशकोभूमिडारचो ॥ करचोनिष्कंटलंकेश हरिदासकोचमरशिरछत्रगढ़लंकदीन्हो । रामकीकृपातेतेल सिंदूरलेवीरकोरूपहनुमंतकीन्हो ॥१७॥ पुष्पकेयानचढ़ जनकजावामभुजदाहिनीबाँहपरअनुजराजैं । भालुकपि कीशसुग्रीवकोआदिलेअंजनीपूतहनुमंतगाजैं ॥ भरतको संगलेअवधकोदरशदेराजको तिलकमुनिराजकीकीन्हो । रामकाराजकातिलकरघुनंदको दासकोतिलकहनुमंतली- न्हो ॥ १८ ॥ रामकेनामसेसिंधुशिलातरीरामकोदास आकाशलांघ्यो । रामकेदासके रामहिरदैबसैंरामके दास निजनाममांग्यो ॥ रामकेनामसेपापकोनाशहै दासकेनाम संतापहारी । रामकेदासकीराममहिमाकरेरामसे रामका दासभारी ॥१९॥ रामकोचरितशतकोटिविस्तारहैप्रीतिसों नित्यऋषिराजगावै । रामकेचरितकोश्रवणकेकाजश्रीरा- मकोदूतहनुमंतआवै ॥ वीरमहावीरहनुमानकीहांकसेमरे

मरघट्टकेजीवजागैं। डंकिनीशंखिनीवंरवैतालभयमारुती नामसेभूतभागैं ॥ २० ॥ सालइकबीसउगणीशतऊपरैंजेठ वदिदशमिशुभकाव्यगावैं। प्रीतिसोंप्रगटश्रीवरदखेडापती रीतिसोंपठनधनधान्यपावैं ॥ गौडश्रीधरकहेसलेमाबादमें सुबसशुभनगरकेसर्वलोगा। दुरकेचोटदप्रुष्टसोंरांटलेभाव मेंबरतियेभावयोगा॥२१॥ दोहा ॥ श्रीधरविजयकर्पीशकी, पढ़ैसुनैमनलाय। महावीरखेड़ापती, पूरैमनकाचाय॥२२॥

अथ इक्कीसकवित्तकी अनुक्रमणिका

ॐनमःप्रथमजाजगतमेंविजयहनुबालिकी विपतिबेफिकर बांटी। पढ़ैहैगयोगढ़कोटपर दशाननकोटगढ़गमकोदास घाटी॥ नटचौनिशिअखिलहांवांगकीगमको होतहूँपुष्पके यानसाटी। रामकेनामसेरामकोचरितहैसालइकवीसकबि काव्यछांटी॥१॥ श्रीधर कह्यो जो हनुमान विजय ताको पाठ करैया मंत्रको मयूरके पक्षसों झाड़देवै तौ दृष्टि मुष्टि भूत प्रेतादिक दूर होजायँ, अन्न धनप्राप्तिहोय, ग्रहपीडा दूरिहोय, राजमान्य होय ॥ इतिफलम् ॥

॥ इति श्रीधरकृतश्रीहनुमानविजयसंपूर्ण ॥

अथ श्रीकृष्णमंगलप्रारंभ



छंद-जनमें श्रीकृष्णमुरारि भक्तहितकारने । मथुरा लियो अवतार गोकुलझूलपालने ॥ तिथिअष्टमीबुधवार भादौंवदिकरी ॥ रोहिणीनक्षत्रआधीरातजनमलियोशुभ घरी । धनिदेवकीवसुदेवजहांप्रभुअवतरे ॥ धन्ययशोदा बाबानन्दमहरघरपगधरे । धन्यधन्यसुरनरमुनिसबजय जयकरैं ॥ दुंदुभिबजतअकाशसुमनवर्षाकरैं । ब्रजवासी गोरसभरिभरिकरिल्यावहीं ॥ दधिकांदौंबाबानन्दसुकीच मचावहीं ॥ बाजततालमृदंगबीनऔबांसुरी । निरतत गोपीग्वालचरणचितचावरी । यशुमतिचीरपहिरायनौरंग भईग्वालिनी ॥ सुन्दरवदननिहारिचकितभईभामिनी । श्रीबलभद्रजीकेबीरअसुरदलखंडना ॥ भक्तवत्सलमहारा-जयादवकुलमंडना । शंकरधरतहैंध्यानसुगोदखिलावहीं ॥ सोमुखचूमतिमाइसुपलनाझुलावहीं । श्रीनँदयशुदासेनेह चरणचितल्यावहीं । हरिगुणमंगलगायगोविंदगुणगावहीं ॥

।। इति श्रीकृष्णमंगलसंपूर्णमस्तु ।। शुभम् ।।

अथ राधामंगलप्रारंभ

श्रीगणेशाय नमः ॥ चौपाई ॥ वसानेवृषभानुदुलारी। चन्द्रवदनिमृगलोचनिप्यारी ॥ पंकजवपुगुणरूपरसाला। खेलनगईजहाँनँदलाला ॥ निरखतरूपनन्दकीरानी। गोद उठायभवनमें आनी ॥छन्द॥ गोदउठायभवनमें आनीआ-भूषणपहिराइयां।मांगमुक्तापीतपटउरतारसुमनसुहाइयां॥ बिंदुकाजलकीदईकुलदेवमानमनाइये । सूरकेप्रभुसाजि नखचखकुँवरिघरांपठाइये ॥ १ ॥ चौपाई ॥ आवोमेरी प्राणजुप्यारी । भोरहिखेलनकहांजुसिधारी ॥ कुमकुम भालतिककिनकीन्हो।किनमृगमदकोविंदादीन्हों॥छन्द॥ विंदामृगमददियोमस्तकनिरखशशिसंसयपरचो । एक शरदनिशिकाकलापूरणमानमनगँधबहरचो ॥ हँसिहेरमुख सोंकहत जननीअलकवेणीकैंगुहीं । सूरकेप्रभुमोहव्यापेसां

चिकहमोहेभईउही ॥२॥चौपाई॥ नंदजीकेघरनीयकसोहै। मेरोवदनतनुफिगिफिग्जोहै॥ खेलतडोलतनिकटबैठारी। मनमेंआनँदकियाहैभारी ॥ छंद ॥ आनँदमनमेंकियो भारीनिरखमुखबलिबलिगई । बाबाजूकोनामलेलेतोहिं हँसगारीदई॥ पाटीतोपारिसवांरभूषणगोदलेमेवाभरी। सूर केप्रभुहर्षहियमनमेंविधिनासोंविनतीकरी ॥३॥चौपाई ॥ सुनतबातकीरतिमुसकानी । मैनँदरानीजियकीजानी ॥ मेरीसुतारूपगुणरासी । कान्हउदासीबनकोबासी ॥छंद॥ कान्होउदासीबनकोवासीरंगढंगाक्युंबणै। इकरत्नअमोल नीलमणियजुकांचननहिंजुड़ै॥ ललताविशाखासूँकहैतेरी ललीअबतककहँरही । सूरकेप्रभुभवनबाहरजानमतिदी जोसही ॥ ४ ॥ चौपाई ॥ दिनदशपांचरहटकजबकीन्ही। कुँवरिकोकृष्णदिखाइआनदीन्ही ॥ मूर्छिपरीजब तनु न सँभारचो । लाड़लीकोडस्योरीभुजंगमकारचो ॥ छंद ॥ लालीकूंडडस्यो भुजंगमकारोगाडूहारचासबै । नंदनंदन मंत्रकाजूयहविषढाप्यानंढबै ॥ पाठयेसखीगोपालको जैल्यावोआनँदकंदको । सूरकेप्रभुलहरउतरे मिलैब्रजके चंदको ॥ ५ ॥ चौपाई ॥ करमनुहारीकृष्णजबलयाये । देखतहीबिषदूरहोजाये॥ उठबैठीमनकियाहुलासा। कीर्ति चलीअपनेपतिपासा ॥छंद॥ कीरतिचलीअपनेपतिपासे

प्रीतिरीतिबधारिये। ब्याहकायकमंत्रकाजोसखियांमंगल गाइये॥ वृंदावनवनमेंरच्यास्वयंवरकुंजमंडपछाइये। सूरके प्रभुश्यामघनश्रीराधिकावरपाइये॥ ६॥

इति श्रीललितराधामंगलसमाप्तम्॥ श्रीराधाकृष्णार्पणमस्तु॥

अथ जानकीमंगलप्रारम्भ

छंद-प्रथमसुमिरिगुरुदेवगणेशमनाइये। शारदकोशिर नाइरामगुणगाइये॥ प्रभुगुणसिंधुसमानकौनवर्णनकरै। जैसीजाकीबुद्धितैसिहिहृदयधरै। तबबोलेऋषिरायअवध-पुर जाइये॥रामभयेअवतारयज्ञहितलाइये। करिसरयूअ-स्नान नृपतिगृहआइये॥बहुविधिपूजाकरिसिंहासनबैठाये। कहततपोधनअवधपतिदोउकुंवरहमकोदीजिये॥यज्ञपूरण होइहमरोविप्रकोयशलीजिये।सुनिऋषिकेवचननृपशोच-

कीनोघनी ॥ कीजैकौनउपायबातगाढ़ीबनी । तबबोलेगुरु वशिष्ठनृपतिशोचनहिंकीजिये ॥ येपूरणअवतारयज्ञहित दीजिये ॥ प्रेमकोउपकारकरनृपसुतदोऊगोदलिये । महा मुनिनकीभेंटलैश्रीरामअरुलक्ष्मणदिये ॥ रत्नजडितपट बांध धनुषलियो हाथमों । कीनो बहुतप्रणाम पिता अरु मातुसों ॥ नयनरहेजल पूरिपिता अरुमातके।इनकोनीके राखियो ये पुत्र अनाथके॥ आगे आगे विश्वामित्र महामु- निपाछेलक्ष्मणरामजी।सजलतनघनश्यामसुन्दर सकल- पूरणकामजी॥राजतवदनविशालबांकेदृगसोहना।नाशा- परमसुढारमदनमनमोहना ॥ यहछबिविविधप्रकारराम गुणगाइहैं । गौरश्यामदोउभ्रातमुनिकमनभायहैं ॥ उठी राक्षसीघोरमहाप्रभुबाणएकैसोहनी ॥ विप्रको मखकियो पूरणकृपाकरिकौशलधनी । मारीगर्व गुमानध्यानहरिसों धरो ॥ चौंकिपरी जियमांझ गमशरसों डरो । ब्रह्मअस्त्र करधारिमारीचसुमारियो ॥ सौयोजनतनुपर्‍योसुरतिबि- सराइयो। मारीचटारिसुबाहुमारेमुनिनकेमंगलभये॥ सुर विमाननपुष्पवर्षहिंहर्षजैजैकिये । रच्योहैस्वयंवरजनक रामचलिदेखिये ॥ आयेहैंबहुभूपसबैमिलिपेखिये । भली कहीऋषिराजजनकपुरजाइये ॥ शिवधनुकठिनकठोरको दरशदिखाइये । चरणकीरजलागिअहल्यातुरतहीछबिसों

भरी॥करजोरिअंजलिभईठाढ़ीरामकीअस्तुतिकरी। चरण परशिकुलतारितुरतपतिपुरकोगई ॥ ऐसोकौतुकदेखिकी-रनौकागही। टेरतहैंरघुनाथकीरनौकाल्याउरेवेगिउतारेजु पार डरौ जिन बावरे ॥ करजोरि केवटयोंकहैप्रभुबाहनपै पार उतारिहौं। शिलाज्योंउड़िजायनौकाकुटुंब किसविधि पालिहौं ॥ जोनौका उड़िजायधूरिलगि पांवकी । ताते दूनी देहूँगढ़ाई नावकी ॥ केवट चरणपछालि श्रीराम बैठाइया क्षणमहँनौकाखेयकेपारलगाइया॥करुणासिंधु दयालुरघुवरतारिदासअपनोकियो । योगीसुरनको होत दुर्लभसापदरीछकेवटकोदियो ॥ नौकाउतरेपार श्रीराम जनकपुरको चले। तोरेंगे शिवधनुषशकुणभेंटभले ॥ वन उपवनबहुबाग विविधबैठकबनी । कंचनहूमेंजटितहेमरच नाबनी॥ ठौरठौरबहुभूपउपमाजनकपुरअतिसोहना। बसे जनकपुरलोगसुन्दरमदनकोमनमोहना ॥ जनकसभाके मध्यभूपलखिछकिरहे । ठगकेलड्डूखायमनोसबथकि रहे ॥ पूँछतहैंमिथिलेशकुँवरऋषिकौनके । पूरणजिनके भाग्यदोउसुतजौनके॥महासुभटरणधीरदोउगुणलायके। रघुवंशीमहाजर्श्वीदशरथरायके॥नरनारीयोंकहैंयेदोउवय-सकिशोरहैं। शिवधनुकठिनकठोरकैसेकरितोरिहैं ॥ येछ-बिश्यामलगौरहरषिनिरखिकरलीजिये । वारैकामकोटि-

स्वरूपसुन्दरनयनभरिपीजिये॥ अष्टसौमलकष्टकंकिकेधनु सभामध्यआनियो। लागेंहैंबड़ेबड़ेभूपयोधाधनुषकाहु न तानियो ॥ कहत सिया सुन तातधनुषप्रण जिन करो। नातर तजिहौं प्राणकेजेईवरमैंवरौं ॥ करुणासागररामजी यके जानिये। पीतांबरकटिबाँधिधनुषलैतानिये ॥ जय-जयकारभईतिहुँलोकभूपसबैमुरझाइये ॥ श्रीरामचन्द्र-मुखनिरखिसियाकेसुमनमालपहिराइये।सोहनसीताराम-कंचनमंडपतरे ॥ शिरसोनेकोमुकुटमंजुमुक्ता गरे। राजतअमलकपोलकिमुक्तामोलके॥ सुन्दरलोचन लोक-मलजनुभोरके। सुरँगचूनरीनिपटपीतपटछारही ॥ मानो अरुणघनश्यामचपलताह्वैरही। यहभूषणप्रतिबिंबराम छबिउरधरैं ॥ मनोयमुनजलमध्यदीखदीपकबरैं। राम भुजाकेनिकटसियाभुजसोलसे ॥ मरकतमणिकेखंभमनो कंचनकसे। रामभयेतनुगौर सियाभइसांवरी॥ सादरसो बुधिवन्तबधूभइबावरी रामभयेघनश्यामसियाभईदा-मिनी। मुनिभयेचंद्रचकोरचकितभइभामिनी ॥ पुष्प-नवर्षतमेघ मुनीसबथरहरैं। होतजनकपुरब्याहरामभा-मरिकरैं ॥ रामसियाकोध्यानसदाशंकरधरैं। ब्रह्मारूप-निहारिइंद्रपूजा करैं ॥ सुरनरमुनिआनंदसुमनवर्षाकरैं। ब्रह्मादिकसबदेव मुदितजयजयकरैं ॥ तुलसीसीताराम-

सहित उर आनिये। रामभजन विनु जन्म सुमिथ्या-जानिये॥

इति श्रीजानकीमगलसंपूर्ण

गोपियोंका उद्धवप्रतिउत्तर

उद्धव कमलनयन विनु गहिये। इक हरि हमैं अनाथ करि छांड़ो दुजे विरह किमि सहिये॥ जैसे ऊजर खेरकीमूरति को पूजै को मानै। ऐसी हम गोपालबिन ऊधो कठिन व्यथाको जानै॥ तनु मलीनमन कमल नयनसों तामिलवेकी आश सूरदासस्वामी विनु देखे लोचन मरत पियास॥१॥ इति॥

श्रीकृष्णचन्द्रकी गोपीप्रति हांसी

ऐसे जनिबोलो नँदलाला। छाड़िदेहुअचरामेरो मोको जानत और सी बाला॥ बार बारमैं तुमहिं कहतिहौं परिहौ बहुरि जंजाला। यौवन रूप देखि ललचाने अबहींते येख्याला॥ तरुणाई तनु आवन दीजे कत जिय होत बिहाला। कृष्णबिहारी उरते करटारहुटूटैगी मोतिन-माला॥ १॥ इति॥

वृषभानु ललीका यशोदाप्रति उरहना

कवित्त

माखन चुरावै मेरा दहीढरकावै कान्ह गारी मोहिं गावै

करै निज मन मानकी । अंग माहिं लपटिकै अंगियाको नोचलेत यसुदाजी सांची कहौं बातमैं प्रमानकी ॥ यामें झूठो है न सौंह ककाकी कृष्णबिहारी सुनि नंदरानी कह्यो एरी वृषभानकी । मैं नहीं प्रतीत करौं तेरीहै सहजबानि मुरि मुसकानि औ कका की सौंह खानकी ॥ १ ॥

गंगाजीकी स्तुति

कवित्त

छूटी शिव शीशते प्रचण्ड तेज धाराधँसी काटत अघ ओघनके पातक हितै हितै । कृष्ण बिहारी गङ्ग तेरीही तरंग देखि गये सुरलोक सब पातक बितै बितै सुरसरिमहा-रानीकी महिमा बखानै कौन वेद औ पुराण यश गावत नितै नितै ॥ यमअ गे पाप रोवैं पाप आगे यमरोवैं चित्र-गुप्त आप रोवै कागज चितै चितै ॥ १ ॥ इति ॥

अथ विज्ञाननौका प्रारभ्यते

श्रीगणेशायनमः ॥ तपोयज्ञदानादि :शुद्धबुद्धिर्विर-क्तोनृपादौपदंतुच्छबुद्ध्या । परित्यज्यसर्वंयदाप्नोतितत्त्वं

परंब्रह्मनित्यंतदेवाहमस्मि ॥ १ ॥ दयालुंगुरुंब्रह्मनिष्ठंप्रशांतं
समाराध्यमत्याविचार्यस्वरूपम् । यदाप्नोतितत्त्वंनिदि-
ध्यासविद्वान्परंब्रह्म० ॥ २ ॥ यदानंदरूपंप्रकाशस्वरूपंच
परिच्छेदशून्यम् । अहंब्रह्मवृत्त्यैकगम्यंतुरीयंपरंब्रह्म० ॥ ३ ॥
यदज्ञानतोभातिविश्वंसमस्तंविनष्टंचसद्योयदात्मप्रबोधे ।
मनोवागतीतंविशुद्धंविमुक्तंपरंब्रह्म० ॥ ४ ॥ निषेधेकृतेनेति-
नेतीतिवाक्यैः समाधिस्थितानांयदाभातिपूर्णम् । अवस्था
त्रयातीतमद्वैतमेकंपरंब्रह्म० ॥ ५ ॥ यदानंदलेशैःसमानंद
विश्वंयदाभातिसत्त्वेतदाभातिसर्वम् । यदालोचनेरूपम-
न्यत्समस्तंपरंब्रह्म० ॥ ६ ॥ अनंतंविभुंसर्वयोनिंनिरीहंशिवं
संगहीनंयदोंकारगम्यम् । निराकारमत्युज्ज्वलंमृत्युहीनंपरं
ब्रह्म० ॥ ७ ॥ यदानंदसिंधौनिमग्नः पुमान्स्यादविद्यावि-
लासःसमस्तप्रपंचः । यदानस्फुरत्यद्भुतंयन्निमित्तंपरंब्रह्म०
॥ ८ ॥ स्वरूपानुसंधानुरूपास्तुतिंयः पठेदादराद्भक्तिभावो
मनुष्यः । शृणोतीहवानित्यमुद्युक्तचित्तोभवेद्विष्णुरत्रैववेद-
प्रमाणात् ॥ ९ ॥ विज्ञाननावंपरिगृह्य कश्चित्तरेद्यदज्ञान-
मयं भवाब्धिम् । ज्ञानासिनायोहिविभिद्यतृष्णांविष्णोः
पदंयातिसएवधन्यः ॥ १० ॥

इति श्रीविज्ञाननौकासंपूर्णा

अथ सुदामाजीकी बाराखड़ी



श्रीगणेशायनमः ॥ कक्काकमलनयननारायणस्वामी॥ वसैंद्वारकाअंतर्यामी ॥ वासुदेवसंकर्षणछाजैं । प्रद्युमनअनिरुद्धविराजैं॥ कक्काकलियुगनाम अधारा।प्रभुसुमिरोउतरोभवपारा ॥ साधुसंगनिकरिहरिरसपीजे । जीवनजन्म सफलकरिलीजे ॥१॥ खखाखोजोसकलजहाना । जाको गावैंवेदपुराना॥ निर्भयनामहरीकोलीजै। चरणकमलको ध्यानधर्रीजे ॥२॥ गगागुणगोविंदकेगावो । मायाजाल भूलिजनिजावो॥ धनयौवनतनुरंगपतंगा। छिनमेंक्षारहोतयहअंगा ॥३॥ घघाघटघटबोलेभाई । जलथलमेंप्रभुरहे समाई ॥ ऊँचरुनचज्ञानकरिदेखो। एकैब्रह्मसकलमेंलेखो ॥४॥ ननानिमिषखोजकरिदेखा । दूजोऔर नहीं कोइलेखो ॥ सातोंद्वीपअवरब्रह्मांडा । नाम हिछायरह्योनवखंडा ॥५॥ चचाचितनिश्चयकरिराखौ । मिथ्याबातझूठ मतिभाषौ॥ सत्यशब्द तपहोइप्रमाना । झूठवचनसो पाप

समाना ॥६॥ छछाछलबलतजोविकारा। निर्मलनामजपौ
यकसारा ॥ कामक्रोधकोतजोप्रसंगा । सदारहोसंतनके
संगा ॥७॥ जजाजपोजगतपतिईसा । जाको ध्यावैंसुरतें
तीसा ॥ निशिवासरजुरहोलवलाई । हरिपदकमलसदा
सुखदाई ॥८॥ झझाझेरनकीजोभाई । शिरपरकालरह्यो
मड़राई ॥ चेतनाह्वैहरिशरणैरहिये । कालत्रासकाहेकोस-
हिये॥९॥ ननानिमिषनिमिषहरिरूपनिहारो। चितते ध्या-
नपलकनहिंटारो॥ आठौयामरहौलवलाई । चित्तचरणमें
रहोसमाई ॥१०॥टटाटोरुजगतकोनाता । नहिंकोइमातु-
पितासुतभ्राता ॥ हरिसोंहितूनहीकोइअपना । जगव्यव-
हाररैनिकोसपना ॥११॥ ठठाठाकुरपरमसनेही । जिनये
दीनीसुन्दरदेही ॥ नरदेहीकोलाहोलीजै । प्रेममगनह्वैहरि
रसपीजै ॥१२॥ डडाडामाडोलचित्तजनिकरो । हृदये-
ध्यानहरीकोधरो ॥ आनदेवकाहेकोध्यावो । दृढ़विश्वास
विष्णुगुणगावो ॥१३॥ ढढाढूँढ़नकोकहँजइयेभाई । रोम
रोमप्रभुरहेसमाई ॥ पिंडब्रह्मांडरहोसबपूरा । सदानिकट
हरिनाहिंनदूरा ॥१४॥ ननानामहरीकोलीजै हरिभक्तन
कीसेवाकीजै ॥ सांचिभक्तिभगवानकोभावै। प्रेमसहित
रसनागुणगावै ॥१५॥ ततातेरीसफलकमाई । नरदेहीसु-
मिरनकोपाई ॥ हरिभजगर्भवासतेंछूटो राममनामऐसोधन

लूटो ॥१६॥ थथाथोगर्जीवनभाई। हरिबिनजन्मअका-
रथजाई ॥ चेतनह्वैहरिनामउचारो। तनकोत्रिविधाताप
निवारो १७ ददादेखतहीजगकोब्यवहारा। मायाजालबँ-
ध्यासंसारा ॥ बँधनतेछूटनजोचहिये। शरणजाइ संतनके
रहिये ॥१८॥ धधाधरणीधरहिरदैधर भाई। संतनकेप्रभु
सदासहाई ॥ सदासमीपनि मिषनहिंटरहीं। भक्तजनोंकी
सेवाकरहीं ॥१९॥ ननानेहहरीसोंलावो। प्रेममगनरसना
गुणगावो दुविधाभर्मतजोमनभ्राता। सन्तजननकोकीजे
साथा ॥२०॥ पपापरेपरेसबजन्मगमायो। गुणावादप्रभु
कोनहिंगायो ॥ मायाभर्मभूलिरहो अंधा। जन्मगमाये
करिकरिधंधा ॥२१॥ फफाफिरिफिरिपरेमोहकेफंदा। अज-
हुँनचेतैमूरखअंधा ॥ गुरुचरणनकीधरुमनआसा। हरिभ-
जमेटौयमकीत्रासा ॥२२॥ बबाबोलोअमृतबानी। स्नेह
प्रीतिरसनागुणसानी। हरिहीराहिरदयधरिराखो। कटुक
वचनमुखतेजनिभाखो ॥२३॥ भभाभूल्योमन्नसमुझावो।
जासोंभवजलफेरिनआवो॥ ऐसीभक्तिकरोमनमेरा। जरा
मरनहोवैनहिंतेरा ॥२४॥ ममामोहजालभव सागरभारी।
झीमरकालमीनसंसारी ॥ जाल लियेयमफिरतअहेरा।
हरिविमुखनपरदेतदरेरा ॥२५॥ ययायहअवसरनहिंवारं-

वारा । तातेपुनि पुनि करतपुकारा ॥ मानमित्रतुमचतुर
सुजाना । विषरसछांड़िभजोभगवाना ॥२६॥ रराटनह-
रीसोंलावो । हीराजन्मजनिवादिगमावो ॥ ऐसोहीराजो
गमजाई । अवसरचूकेफिरपछिताई ॥२७॥ ललालाल
असोलकमनमलहरना । तनु भंडारजतनकरिधरना ॥ प्रभू-
लालगुरुदेलखाया । तृष्णालोभसबदूरिगमाया ॥२८॥
ववाबारबारनावौंपदमाथा । उनपदकमलचरणचितदाता
॥२९॥ ससासतगुरुकीकाकरौंबड़ाई । महिमामुखतेवरणि
नजाई ॥ चितलागोसतगुरुकेचरणा । रसनाएककहाँलगि
वरणा ॥३०॥ षषाखींचिलियोगुरुअपनीओरा । माया
फंदपलकमेंतोरा ॥ निर्भयभयेपापसबत्यागे । जबगुरुच-
रणोंमें चितलागे ॥३१॥ शशाशोचविचारमिटेजियतबते ।
दीपकज्ञानदियेगुरुजबते ॥ नाश्यो तिमिरभयोपरगासा ।
मानोरविपूरणकरिभासा ॥३२॥ हहाहरिगयेपापपराजित
आपू । श्रीगुरुचरणकमलपरितापू ॥ जैसेधुन्तचहूँदिशि
घेरा । प्रगटभानुजबभयोउजेरा ॥३३॥ लेवेकोहरिजीको
नामा । देवेकोअन्नदानसमाना ॥ धरनेकोप्रभुजीकोध्याना ।
सेवनकोगुरुचरणसमाना ॥३४॥ क्षक्षाछाँड़नविषयबदन-
सोंचहिये । संतगुरुचरण निहोरहिए ॥ नाममधुररसपिवो
सुजाना ! गर्भवासनहिंहोयपयाना ॥३५॥ बाराखड़ीअ-

नन्दगुणगावों। सबसंतनकोशीशनवावों ॥ दीनपतितहै दासखुदामा। नमस्कारगुरुदेवसुनामा ॥३६॥ इति श्रीसुदामाजीकीबाराखड़ीसमाप्ता ॥

श्रीवेंकटेशाय नमः



लावनी.

जय जय जयश्रीवेंकटेशप्रभु महिमा अपरम्पारा है। शहर बम्बई मध्य विराजत पूरण भरो भँडारा है॥ वेंकटेश श्रीछापाखाना सारे जगत बखाना है। श्रीयुत खेमराज अधिकारी परमभक्त हरिमाना है॥ उत्तम काम दाम लघु भारत अत्युत्तम व्यापारा है। शहर बम्बई मध्य विराजत पूरण भरो भँडारा है॥ १ ॥ वैदिक औ वेदांत पुस्तकैं धर्मशास्त्रकी सारी हैं। परम पवित्र पुराण सबै विधि कर्म्मकाण्डकी न्यारी हैं॥ लघु अरु दीर्घ वैद्यक सिगरी

रामबाण अनुहारी हैं। भक्तन प्रिय स्तोत्र छपाये जिनकी नहीं सुमारी हैं ॥ रामानुजी काव्य चंपू छंद राजनीति चञ्चारा है। शहर बम्बई मध्य विराजत पूरण भरो भँडारा है॥२॥ ज्ञानभक्ति गानेके लायक नाटक नये बनाये हैं। करुणा, वीर, हास्य, रसपूरित सकल जनन मन भाये हैं॥ सब प्रकार ज्योतिषके पुस्तक ग्राहकगण ललचाये हैं। वैयाकरण एक नहिं बाचा मोटे टैप छपाये हैं॥ मीमांसा इतिहासभाष्य अरु योगशास्त्र सारा है। शहर बम्बई मध्य विराजत पूरण भरो भँडारा है॥३॥ मूल संस्कृत भाषा टीका हिन्दोस्थानी सबै रकम। भाषाके सब ग्रंथ सुहाये छन्दबद्ध वार्तिक न कम ॥ मोटा कागज जाड़ा अक्षर परमपुष्ट मनभावन कौर। कृष्णबिहारी शुक्ल बखानत भारतवासी जल्दी दौर ॥ परम शुद्ध सुन्दर दर कमती जानत सब संसारा है। शहर बम्बई मध्य विराजत पूरण भरो भँडारा है ॥ ४ ॥

अथ षट्त्रिंशद्वादित्राभिधान
तीमुनियो ॥ तुमतोजगकेकल्पतरू होमैंहोंप्राणीसंसारी॥ भोलेना० ॥४॥ कामक्रोध योमहाअपरबलइनसेमेरोबस नाइँ ॥ लोभमोहयों सँगनहिंछाँड़ेआनदेतनहिंतुमताईं ॥ क्षुधातृषा नितलगीरहतहैताऊपरतृष्णाभारी॥ भोलेना०॥ ॥५॥ तुमहींशिवजीकर्त्ताहर्त्तातुमहीयुगकेरखवारे॥ तुमहीं गगनमगनपुनिपृथिवीपर्वतपुत्रीके प्यारे। तुमहींपवनहु-तासनशिवजीतुमहींदिन करशशिहारे ॥ भोलेना० ॥६॥ पशुपतिअजरअमरअमरेश्वर योगेश्वरशिवगोस्वामी ॥ वृषभारूढ़ गूढ़गुरुगिरिपतिगिरिजावल्लभनिष्कामी ॥ शोभा सागररूपउजागरगावतहैंसबनरनारी ॥ भोले०॥ ॥७॥ महादेवदेवनकेअधिपतिफणिपतिभूषण अतिसाजे॥ दीप्तलिलाटलालदोउलोचनजिनकेउरताडुखभाजे॥ परम पुनीतपुनीतपुरातन महिमात्रिभुवनविस्तारी॥ भोलेना० ॥ ८ ॥ ब्रह्माविष्णुमहेशशेषमुनिनारदआदिकरतसेवा ॥ जिनकीइच्छापूरणकीन्हीनाथसनातनहरदेवा ॥ भक्तिमु-क्तिकेदाताशंकरसदानिरंतरसुखराशी ॥ भोलेना० ॥९॥ महिमाइष्टमहेश्वरजीकीसिखेमुनेजेंनितगावें ॥ अष्टसिद्धि नौनिधिसुखसंपतिस्वामिभक्तिमुक्तीपावें ॥ श्रीअहिभूषण प्रसन्न होयकरकृपाकरोशिवत्रिपुरारी ॥ भोलेना० ॥१०॥

अथ आरतीबजरंगबालाकी

आरती कीजै हनुमानजी ललाकी॥ दुष्ट दलन रघु-नाथकलाकी ॥ टेक॥ जाके बलसे गिरिवर कांपे । रोग दोष जाके निकट न झांके ॥ १ ॥ अंजनी पुत्र महाबल दाई ॥ संतनके प्रभु सदा सहाई ॥२॥ दे वीरा रघुनाथ पठाये। लंका जारि सिया सुधि लाये ॥३॥ लंका ऐसे कोट समुद्र ऐसी खाई॥ जात पवनसुत बार न लाई॥४॥ लंका जारि असुर सब मारे। सीता रामजीके काज सँवारे ॥५॥ लक्ष्मण मुरछि परे धरणीमें॥ आनि सजीवनि प्राण उबारे॥६॥ पैठि पताल तोरि यमकातर॥ अहिरावणके भुजा उखारे ॥७॥ बायेंभुजा सब असुर सँहारे। दहिने भुजा सब संत उबारे ॥८॥ सुर नर मुनि जन आरति उतारैं ॥ जै जै जै हनुमानजी उचारैं ॥ ९ ॥ कंचनथार कपूरकी बाती॥ आरति करति अंजनी माई॥१०॥ जो हनुमानजीकी आरती गावैं। बसि बैकुंठ अमर पद पावैं ॥११॥ लंकविध्वंस किये रघुराई ॥ तुलसीदास स्वामी आरति गाई ॥१२॥

अथ आरती रामचन्द्रजीकी

आरती कीजै राजा रामचंद्रजीकी। हरि हरि दुष्ट दलन

सीतापतिजीकी ॥ टेक॥ पहिली आरति पुष्पकी माला । कालीनाग नाथ लाये गोपाला ॥ १ ॥ दुसरी आरती देवकिनंदन । भक्तउधारन कंसनिकंदन ॥ २ ॥ तिसरी आरती त्रिभुवन मोहै । रत्नसिंहासन सीतारामको सोहै ॥३॥ चौथी आरति चहुँयुग पूजा । देवनिरंजन स्वामी और न दूजा ॥ ४ ॥ पंचमी आरति रामजीको भावै । रामजीको यश नामदेवजी गावै ॥ ५ ॥

पुनः आरती श्रीरामचन्द्रजीकी

सखी आरती करी रसप्रेम भरी । सिया रघुवरजीको शृंगार करी ॥ टेक ॥ मणिमय थार सखिन कर राजैं बाती रवि शशि द्युति निंदरी ॥१॥ बाजत हैं भेरी निसान दुंदुभी शंख झांझ करताल घरी ॥२॥ नाचत गान करत हैं सखि थेइ थेइ सुमन लाल मणि होत झरी ॥३॥ रामचरण सिय राम रूप लखि आनँद उर रससिंधु भरी ॥ ४ ॥

आरती श्रीवेङ्कटेशजीकी

श्रीमच्छेषशैलवासं । नीराजयेश्रीनिवासम् ॥ त्रातः स्वपदपद्मदासं । नीरदभव्यदिव्यभासं॥नी०॥ बिभ्राणंसत रविप्रतिभटं । हरिखचितचामीकरमुकुटं ॥ भृंगप्रभकुटि-

लालकजालं। केसरमृगमदतिलकितभालं॥ भ्रूविभ्रमकृत कार्मुकजयनं । इंदीवरदलविशालनयनं ॥ तिलकुसुम प्रतिमोत्तमनासं। बिंबविडंबकृताधरवासं ॥ स्निग्धामल-तलगंडमंडलं । कर्णयुगार्पितमकरकुंडलम् ॥ शारदचंद्र मनोहरवदनं। कुंदसुन्दरप्रभाग्ररदनं॥ स्वजनानुग्रहशुचि मंदहासं । नीराजयेश्रीनिवासं ॥ १ ॥ कंबुकंठमतिपीन स्कंधं। दृगगोचरजत्रुस्थलबंधं॥ चंदनचर्चितविशालबाहुं। अभयवरारिदरायुधबाहुं ॥ धृतकनकांगदकटकतोडरं । विदलितहरिकणप्रभनखरं ॥ श्रीवत्सश्रीहृदयकपाटं । विद्युत्पिञ्जरचित्रितशाटं॥ उरःपीठलुठदुरुतरहारं।त्रिबलि-बंधुरिततुंदिलजठरं ॥ पारिजातनवसुमनोमालं । नाभि-जातचतुराननबालं ॥ कटितटसुघटितपीतपटन्यासं ॥ नीराजये० ॥२॥ सौरभलुभ्यद्भ्रमरकदंबं । मणिशृंखल परिरंभिनितंबं॥ परमरुचिरपीवरोरुबंधं । जानुमतिपेशल जंघं॥वलयकलितघनकनकतोडरं। मंजुमंजुसिंजाननूपुरं॥ मृदुलपार्ष्णिसरजांगुलितरणं। दुस्तरतरभवसागरतरणं॥ विलसन्नखमणिपूर्णचंद्रिकं । निरस्तवनितानादितंद्रिकं ॥ श्रीभूदेवीचमरवीजितं। नारदसुखसनकादिपूजितम्॥ पंत विठ्ठलत्रासगणग्रासं । नीराजयेश्रीनिवासम् ॥ ३ ॥

अथ रघुनाथजीकी आरती

आज बनी छबि भारी श्रीराघवजीकी ॥टेक॥ सहित जानकी रत्नसिंहासन राजत अवध बिहारी ॥१॥ रवि शशि कोटि देखि छबि लाजे तिलक पटल द्युतिकारी॥ वदन मयंक ताप त्रयमोचन मंद हासरसन्यारी ॥ २ ॥ बांये अंग जानकीजी सोहैं हनुमत आज्ञाकारी । गौरी श्याम सुन्दर तनुसोहै चंद्रवदन उजियारी ॥ ३॥ रत्न जटित आभूषण सोहैं मोतिनकी छबि न्यारी ॥ कीट मुकुट मकराकृत कुंडल औ वनमाल सोहारी ॥४॥ बाहु विशाल विभूषण सुन्दर करगहि सारँगधारी । कटिपर पीत वसनकी शोभा मोहत मदननिहारी ॥५॥ मुनिजन चरणसरोरुह सेवत ध्यान धरत त्रिपुरारी ॥ चतुरसखी मिलिकरत आरती सज कंचनकीथारी ॥६॥ रामसेवक जयध्वनि उचरत गावत पुर नर नारी॥ मातु कौशिला करै आरती तुलसिदास बलिहारी ॥७॥

इति आरतीसंग्रह समाप्त

अथ रामजीकी गौरी

जानकीजीवनकी बलि जैहौं ॥टेक॥ चितकहै रामसियापदपरिहरि अब न कहुँ चलिजैहों ॥ १ ॥ उपजी उर प्रतीति प्रति सपने हरिपद विमुख न हैहों ॥ मनसमेत यह तनकेवासी यही सिखावनदैहों ॥२॥ श्रवणन और कथा नहिं सुनि हौं रसना और न गैहौं ॥ रोकिहौंनयन विलोकत औरहि शीश ईशपद नैहों ॥ ३ ॥ नातो नेह राम से करि सब नातो नेह निबैहों॥ यह छरभार ताहि को तुलसी जगतको दास कहैहों ॥४॥ इति॥

राग गौरी

अयोध्या राजत भूमिकन की ॥टेक॥ रंग भूमि राजत रघुनन्दन संगलिये सुता जनककी ॥ रविशशि कोटि उदित हम देखे जोड़ी बनीहै जनककी ॥ १ ॥ रघुवर लक्ष्मण भरत शत्रुहन सन्मुखहैं हनुमानबलीकी ॥ मातु कौशिला करत आरती जय जय श्रीरघुवरकी॥२॥ ठुमकि ठुमकि महलनमें विहरत झुमक झुमक नूपुरकी ॥ कृपा निवाज कहांलगि वरणौं महिमा अवध नगरकी ॥ ३ ॥

रागगौरी

बोलत मधुरीबानीरघुबर बो० ॥टेक॥ क्रीट मुकुट मकराकृत कुण्डल छबि नहिं जात बखानी। हम सरयू जल भरन जात रही बीच रामरस सानी ॥१॥ बाणकमानभ्रुकुटिके लोचन मारत तकि तकि तानी ॥ घूँघुट मेरो छूटगयोहै लाज छोड़ि मुसकानी ॥२॥ अमरनारिनरमिले अवधके ये सब फिरत हैं सानी ॥ लोग कुटुँब अब मोहिं नहिं भावै दशरथसुत रससानी ॥ ३ ॥ रघुवर लक्ष्मण भरत शत्रुहन दशरथ राजदुलारी ॥ राम सखी कौशलपुर जीवन रघुवर हाथ विकानी ॥४॥

अथ देवीअष्टकप्रारम्भ

ना कछु मन्त्रन यन्त्र ना अहै सु प्रार्थना ॥ ध्यान ज्ञान यज्ञ जाप साधना नहीं धना ॥ ना अहै सुशक्ति भक्ति ना तुम्हार थापना ॥ त्राहि मातु अम्बमोहि नहिं और कामना ॥१॥ नाविधी न अर्थ धर्म ज्ञानना सुवासना ॥ हों अशक्य कीन नाहिं मातु तौ उपासना ॥ सर्व पूज्यपाप पद्मराखती कृपाघना ॥ होतमा कुपुत्र अत्रकापिना सुनी कुमा ॥२॥ अत्र मा जगत्र बीच पुत्रऽनेक आपके॥ मैं न काजकरि देव पुत्र माय बापके ॥ त्याग

मोर नाहिं युक्त मातुयौं कथैंजना॥ होत मा कुपुत्र अत्र
क्वापिना सुनी कुमा ॥३॥ कामता न कीन जासु शक्ति
मुक्ति पाइ हौं ॥ द्रव्यनादियाकछूघमण्ड जासुलाइ हौं॥
लाज होत शोचि आप जो दयाकारी घना ॥ होतमा
कुपुत्र अत्रक्वापिना सुनी कुमा ॥४॥ भस्म तो चिता
कुलेप लेपते सदारहैं॥ त्रिक्खको अहार हार सर्प्पको गले
गहैं॥ भूत प्रेत साथ विक्कराल जो जटा गहैं॥ आपके
पती भयेजगत्रके पती अहैं ॥५॥ ज्ञानना मृगाक्षि भोग
मोहिमा सुहावता॥ मोक्षना चहूँ न वित्त चित्तको लुभा-
वता ॥ प्रार्थना यही भवानि शम्भुरानि जप्यते ॥ वीति
जाहु जन्ममोर हे महेशि झप्पते ॥६॥ दुःखके भये करौं
अराधना महेश्वरी ॥ नागनौ शठत्व जौ भिवातयान है
खरी ॥ बालभूखपाइके करै पुकार मातुमा ॥ होतमा
कुपुत्र अत्र क्वापिना सुनी कुमा ॥७॥ अत्र क्या विचित्र
अम्ब जो करौ कृपा घनी॥ जो करै अनेक दोष बालना
तजैजनी॥ पातकी कुपुत्र दोष आशुही छमै सुमा। होतमा
कुपुत्र अत्रक्वापिना सुनीकुमा॥८॥ देखि देवि अप्पराध
मंजनं स्तनं महत् ॥ कीन्ह अष्टपद्य देवि प्रार्थना भरी-

लसत्॥ जो पढ़ै सुनै सुभक्ति मुक्ति सो लहै बृहत्॥ यों विचारिकै कृपा बिहारि नम्रह्वै कहत् ॥९॥

इति देवीअष्टकसमाप्तम्

अथ रुद्राष्टकप्रारम्भः

॥छन्दभुजंगप्रयात॥ नमामीशमीशाननिर्वाणरूपम् । विभुंव्यापकंब्रह्मवेदस्वरूपम् ॥ निजंनिर्गुणंनिर्विकल्पंनिरीहम्। चिदाकारमाकाशवासंभजेहम्॥१॥ निराकारमोंकार मूलंतुरीयम् । गिराज्ञानगोतीतमीशंगिरीशम् ॥ करालं महाकालकालंकृपालुम्। गुणागारसंसारपारंनतोहम्॥२॥ तुषाराद्रिसंकाशगौरंगभीरम्। मनोभूतकोटिप्रभाश्रीशरीरम् ॥ स्फुरन्मौलिकल्लोलिनीचारुगंगा। लसद्भालबालेंदु कंठेभुजंगा ॥३॥ चलत्कुंडलंभ्रूसुनेत्रंविशालम्। प्रसन्नाननंनीलकंठंदयालुम् ॥ मृगाधीशचर्माम्बरंमुंडमालम् । प्रियंशंकरंसर्वनाथंभजामि ॥ ४ ॥ प्रचंडंप्रकृष्टंप्रगल्भंपरेशम् । अखंडंअजंभानुको।िप्रकाशम् ॥ त्रिशूलाग्निनिर्मूलनंशूलपाणिं। भजेहंभवानीपतिंभावगम्यम्॥५॥ कलातीतकल्यानकल्पांतकारिम्। सदासज्जनानंददातापुरारिम् ॥

चिदानंदसंदोहमोहापहारिम् । प्रसीदप्रसीदप्रभोमन्मथा-
रिम् ॥ ६ ॥ नयावदुमानाथपादारविंदम् । भजंतीहलो
केपरंवानराणाम् ॥ नतावत्सुखंशांतिसंतापनाशम् । प्रसी-
दप्रभो सर्व भूताधिवासम् ॥ ७ ॥ नजानामियोगंजपंनैव
पूजाम् । नतोऽहंसदासर्वदाशंभुतुभ्यम् ॥ जराजन्मदुःखौ
घतातप्यमानम् । प्रभोपाहिआपन्नमामीशशंभो ॥ ८ ॥ श्लोक ॥
रुद्राष्टकमिदंप्रोक्तंविप्रेणहरतुष्टये । येपठंतिनरोभक्त्यातेषां
शंभुःप्रसीदति ॥ ९ ॥

इतिरुद्राष्टकंसमाप्तम्

पेटरत्न-रोलाछन्द

तोले पांच सोंठ अजमोदा तोला तीन मँगावै । अज-
वायन दो तोला लैकै तोलानमक रलावै ॥ तोलाचार
पीपली कूटै हरडैं पन्द्रा तोला । कूट छान चूर्ण जो
फाँकै कटै पेटकागोला ॥ उदरा मयगुड़गुड़ अरु पीड़ा
विडको तुर्त घटावै । कृष्णविहारी नीत जो खावै निर्मल-
काया पावै ॥ इति ॥

भरणीदिक्शूलनिवारण

रविकोपान सोमकोदर्पन, मंगलको गुड़ करिये अर्पन ।
बुद्धैंधनियां, बेफैजीर ॥ शुक्रकहै मोहिं दहीकी पीर ॥

कहत शनैश्चर अदरख पावों ॥ सुख सम्पति निरोगघर-लावों । नामाने भरणी दिकशूल ॥ कहैं व्यास सब चकनाचूर ॥ इति ॥

स्तुति दयालु देवीजीकी-छंद

जय जय दयालुदेवी माता जयजयदयालुदेवीमाता। अष्टसिद्धि नवनिधिकीदाता अखिल लोकविख्याता ॥ जग भरनी मन आनँद करनी हरनी विपति वरूथिनी। मध्य भूमि शुचिठाम बदरका ग्राम विलसिनि महरानी॥ उत्तरदिशा वसै बहुवस्तीअंत अनंदीहैं माता । अष्टसिद्धि नवनिधिकी दाता अखिल लोक विख्याता ॥१॥ पासहि स्वच्छसरोवर सोभित घनी बाग छबि आलीहै । बना-शिवाला महादेवका रक्षा आप शम्हाली है ॥ पूरुबपुर निर्म्मल बस्तीहै कान्यकुब्जबालाके शुक्ल । पूजाकरते माता तुमरीतेहते पूजत हैं सब मुल्क ॥ जगजननीश्रीमातु कालिका राजतपुरपूरबख्याता । अष्टसिद्धिनवनिधि कीदाता अखिल लोक विख्याता ॥२॥ जगतवंदआनंद कंद रघुनंद धाम अति स्वच्छ बना । पूजत हित नर नारि सुचित चित लहत मनोरथ चित्त ठना ॥ कृष्णचंद्र आनंदकंद बलभद्र सुभद्राईश्वररूप । परमपवित्र पुरातन

प्रतिभा श्याम अङ्ग नहीं जगत्त द्रूप ॥ वंशीधरके दर्शनकरते करते सुख हैं अधिकाता । अष्टसिद्धि नवनिधिके दाता अखिल लोक विख्याता ॥३॥ जह्नुसुता गंगाकी धारा बहती दक्षिण द्वारेहै । भक्ततंतकी कौन कहै अधमोंको भी उद्धारे है ॥ विमलतड़ाग बाग सेवाला हैं हरदेव देव प्रतिपाल । कृष्णबिहारीशुक्ल पर कृपाकरते आप दयाल ॥ पश्चिम सुदर्शनी जग जननी इकलेही करती त्राता॥ अष्टसिद्धि नवनिधिकी दाताअखिल लोक विख्याता ॥ ४ ॥ इति ॥

हिंडोललीला

सघन वन झूलैं दोउ सुकुमार ॥ टेक ॥ हिय हरषत छबि निरख परस्पर छिनछिन बाढ़त प्यार । कबहुँ मुदित मन तान लेत मिल होत सखी बलिहार ॥ नारायण द्रुम बेलि सुहावनि हरी कियौश्रृंगार ॥

होरीलीला

डगर मोरी छाँड़ो श्याम बिंध जाओगे नयननमें । भूल जाओगो सब चतुराई लाला मारूंगी सैननमें ॥ जो

तेरे मनमें होरी खेलनकी तो लेचल कुंजनमें । चोवाचंदन और अर्गजा छिरकूं फागुनमें ॥ चन्द्रसखी भज बालकृष्ण छबि लागीहै तन मनमें ॥

अथ श्रीयुगलविहारलावनी प्रारम्भ

आधिरातकेविषे कृष्ण राधाकेभवनको जातेभये ॥ करसरोजसे जाय द्वारके पट कपाट खटकाते भये॥टेर॥ चौंक उठी वृषभानुनंदिनी कौन मेरे द्वारे आया ॥ नाम बतावोआयकर मुझकूंनींदसे जागाया । परस्थानमें धसे आन तुम जरा न मन धासतलाया ॥ फिरो दिवाना-दिवाना हो किसीका भरमाया । मधुर वचन सुनके राधेके श्रीकृष्ण समझातेभये ॥ कर० ॥ १ ॥ माधो नामहैमेरा जगतमें तेरे पास आया हूं अली कहै । राधिका शरदमें ऋतुवसंत नहिं लाग भली ॥ ऋतु वसंत नहिं जान प्रिया मैं चक्रीहूंतू जान अली । चक्री हो तो यहांसे सरको कुलालकी तुम पूछो गली ॥ धरणीधर कहतेहैं मुझको वेद नीतिमें गाते भये ॥ कर० ॥ २ ॥ जानगई तुम शेषनागहो सहस्रशीश तनकेकारा । शेष-नहींमैं प्रियाहूं सर्पनको मारनहारा ॥ शेष नहीं तो गरुड़ होगया विनताकी करो प्रतिपाला । प्रिया हरि हूँ मेराहै

सारे जगतमें उजियाला ॥ सूर्य होकर स्वर्ग छाड़के मेरे भवन क्यूं आतेभये ॥ कर० ॥ ३ ॥ कृष्णकृष्णको कृष्णचद्रने तीन बेर उच्चार किया । उठि राधिका दिये पट खोल गलेका हार किया ॥ मूलचंद्रपै कृपाकरो री जिसने ये बीहार किया । भक्त जनोंका हरीने छिनमें बेड़ा पार किया ॥ तुर्रांके सुनके जवाब कलँगीके होस उड़जाते भये ॥ क० ॥ ४ ॥

इति श्रीयुगलविहारलावनी समाप्त

अथ मनिहारिनलीला-लावनी

श्रीकृष्ण नन्दजीके नन्दनने धरावेष मनिहारनका । आप हरीजहँ गये तहाँपर बहुत झुंड ब्रजनारिनका ॥टेर॥ पहरजनानावेषहरीने रचिरचिकै शृंगार करो ॥ हंसुली और हमेलगलेबिच झल झल झलकत पनाहरो । ठटगुजराती सजाघांघरा ओढ़नदक्षिणी चीरखरो ॥ रविशशि कोटिबदनकीशोभाऐसाहरिने रूपधरो । कुचाग्रनायकै आटीचोली औरकुतरता। फुलक्यारिनका ॥आप०॥१॥ श्रीकृष्णजी फिरैंपूँछतेकोइचुरियापहनोगीखरी । काली पीली जरदजंगालीसुरखसोसन्याऔरहरी ॥ एकसखी

यूँबढ़करबोलीअरीआवतूमनिहारी ।चुड़िया मोतीचूरक-ड़ाबन्दल्याईतोपहनाज्यारी ॥ मुख मांगेलेवोदामहमेंकूं-मुठाबतारीमोलभारिनका ॥ आप० ॥२॥ श्रीकृष्णपहराने लागेपहरैराधासहेलनी । करछूतेतनुमारछिपैनहिंलखगइ राधापहेलनी ॥ राधामुखमुसकायकहैफेरपूछोरीसखियां अकेलनी । फिरीजांयचौफेरकृष्णकेजितनीथीं सबनवे-लनी ॥ हरलीयाइनमानकियाअमानसखीसबसारिनका । आप० ॥ ३ ॥ अनेकछल बलकियेकृष्णने सबसखियां छलनेखातर । कहांलगकोईसिफतकरैंगेतुमकन्नगिरिकहते चातुर । छलमनब्राह्मणधर्मांकहतेबैठोसायरमतहोआतुर ॥ जसूलालकेचंगकेऊपरनिरतकरै परवायातुर । लहैगुणीजै रामभारतीयचंगपरतुर्ग तारका ॥ आप० ॥ ४ ॥

॥ इतिमनिहारिनलीलासमाप्त ॥

पावस विरहिनी

कवित्त—आयो पुनि पावस अमावस निशा भोदिन छिन बिन प्यारे केहि भांतिन बिताय हौं किरचै करे-जाहूंकी कोकिलैं करनलागीं मोर शोर सुनि किमि चित्त

ठहरायहौं । बेदरदी बैरी बद बदरा बड़ेई बुरे नितप्रति तासों प्राण कैसेकै बचायहौं । परत न एको पल बिन कृष्णप्यारीकलहायकाकेगरेलागितपनिमिटायहौं॥ १२॥

विरहिनी विलाप

कैधों वहि देशमें घुमड़िघन घेरे नाहिं कैधों वहि देश दामिनीहू नाहिं दमकै।कैधों वहि देशमें न बरसत बारिदहूँ रामपरताप कैधों झिल्लिहू न झमकै॥ कैधों वहिदेशमें न बहति बयार कहूँ मन्द मन्द शीतल सुगंध भरी रमकै। कैधों वहि देशमें पपीहराहू पीउ पीउ टेर दैदै पीउको चितावै ना उधमकै ॥ १ ॥ इति ॥

पुरुषोपकारार्थ पशुबुद्धि

जयकरी छन्द

सिंह, बकुल, कुक्कुट, अरु काग श्वान गर्दभी बुद्धिविभाग । क्रमशः गुण इनके लैलेहु ॥ गुणग्राही अवगुण तजिदेहु । यकगुणहै उत्तम वनराज ॥ सब विधि सारत आपन काज । प्रबलशत्रुपर मारत धावा ॥ करन योगपर विलँब न लावा । बकुला में उत्तम गुण एक ॥ सीखहु सज्जन तजि अविवेक । सबइन्द्रिनकर संयम

करो ॥ देश कालबल हृदये धरो । बकुल समान काजको साधो ॥ मीन मिलनहितचुप्पी बाँधो। कुक्कुटचारिबात शिरताजा ॥ उचित समयजागतरणगाजा । बन्धुन भाग देत सुख पावै । आप आक्रमण करि २ खावै ॥ कागासे सीखहु गुण पंच । छिपकर मैथुन संग्रह रंच ॥ सावधान निशि वासर रहै । पर विश्वास क्षणक नहिं चहै ॥ कूकुर षटगुण माहिं प्रधाना । स्वामिभक्त शूरता निदाना ॥ भोजन शक्ति अधिक तनु माहीं । स्वल्पहु मिलि संतुष्ट रहाहीं ॥ गाढ़ीनिद्रा झटपट जागत मूत्र पुरीष मलिन-भुवत्यागत । तीनि बात गर्द्दभसे लेहु ॥ अतिश्रमपरभी बोझ सनेहु । शीत उष्ण पर दृष्टि न राखत ॥ अति संतुष्ट बिचर वन राजत ॥ दोहा–कृष्णबिहारी शुक्रकह, येगुण बीस प्रधान ॥ येहीनिश्चय उरधरै, सो विजयी जगजान ॥ इति ॥

चौमासा

विजयी छन्द लावनी

सखिआयो मासचौमास दहै नित छाती। गयो जबसे पिय परदेश लिखी ना पाती ॥ लागो है मास अषाढ़ घटा घन छाई बिजुली चमकै चहुओर जिया डरपाई।

सखि ऐसे निठुरको जरा दर्द ना आई ॥ लव दिलसे दिया उतार सुरति बिसराई । निशिदिन ताकों मैं राह रहीन जाती ॥ गयो जबसे पिय परदेश लिखी ना पाती । सावनमें सखी न सजन हमारा आया ॥ नाजानौ किस सवतीनने है बिलमाया । शिरपरमेरे त्योहार सनूनो आया ॥ सखि सबके पिय घर आये बलम कहँ छाया । सब सखी खुशी और ऐसमें सावन गाती ॥ गयो जबसे पिय परदेश लिखी ना पाती । भादौंमैं वरसता नीर पीर तनु भारी । विन पिया दुःख हुआ न जाय सम्हारी ॥ तकते निर्मोही राह हुआ जी आरी । सुन पपिहाके वैन नैन जलजारी ॥ जो होत पतामालूम बांह गहि लाती । गयो जबसे पिय परदेश लिखी ना पाती ॥ सखि क्वार कन्तने आय दरश मोहिं दीन्हा । जो लगा-हिज्रमें तीर पीर हरि लीन्हा ॥ भरके मोतियन का थार निछावर कीन्हा । नरपति तन मन धन वारि उसीपर दीन्हा ॥ कह कृष्णबिहारी शुक्ल करी मन भाती । गयो जबसे पिया परदेश लिखी ना पाती ॥ इति ॥

वियोगमें संयोग

स०-बालम लाल विदेशगये दुखऐसी जरीं हम काम

कराकैं। जे चुरियां कर आवत नाहिंरी ते चुरियां गईं ठौर फराकैं॥ आलमलाल विसूग्त बालमबोलतबोलतही पियद्वार धराकैं। कंचुर्कीमेंकुचयों हुलसे कि गये बन्द टूटि तड़ाक तड़ाकैं॥ १॥ इति॥

गंगानाममहिमा

भ०—जो जन गंगा गंगा कहै। जनम जनमके कोटि दुष्कृत सब क्षणही माँझ दहै॥ अस्नान करत सो मन वांछित फल तत्क्षण तुग्त लहै। ब्रजपतिकी प्यारी संगमते बहु सुख देनचहै॥ १॥

सखी बनविहार

क०—यमुना तट कुंजन बीन रहीं सखियां सब फूलोंकी कलियां। यक गावत ताल बजावत हैं करतीं मिलके रंगकी रलियां॥ मृगनैनींजु आयअनेक जुरीं छबिछाय रहीं ब्रजकी गलियां। हरिचंद तहां मनमोहनजू सखि याबन आय लख्यो अलियां॥ इति॥

जलविहारलीला

कवित्त–सोरहसहस्र ब्रजबाम श्याम श्यामा रस रास बिलसाने रससाने अरसाने हैं। अति श्रम मानि आनि

यमुना नहाने शत शशि शोभा हानि पंच बाण मान भाने हैं ॥ छरिकै मिलि छैभ ही छबीले जल छलकनि हलकनि कलकि ललकि मोदमाने हैं। कंचनके कंज पुँज मानो अलि रंजनको अंजलिनमंजुमकरंदवरसानेहैं ॥ इति ॥

वनविहारलीला

धारि नारि वेष पिय प्यारी जात मारगमें छाँड़िकै भवन-कुंज सदन सिधाये हैं। आवत निहारि सामुहेते चन्द्रा-वलीको यों पंथहि बचाइके बराय नहगयेहैं ॥ पायकै लखाव भाव चतुर सयानी सखी दांव लेन चित्तमें विचारि आंख पाये हैं। को है नोखी नारि देख्यो घूंघुट उघारि दोउ भौंहन चलाय मुसकाय सकुचाये हैं ॥ इति ॥

लक्ष्मीनायणकी ध्वनि

भज श्रीमल्लक्ष्मी नारयण भज श्रीमल्लक्ष्मी नारायण। अखिल लोक पूरण विख्याता ॥ भक्त सुखद दनुजन कुलघाता। विधि हर वंदित परम प्रतापा ॥ करुणामय श्रीनारायण ॥भज०॥ जात अनेक अधम बहुतारे तारन तरन कहत हैं सारे। कृष्ण बिहारीशुक्ल प्रचारे त्राहित्राहि श्रीनारायण ॥ भज श्रीमल्लक्ष्मी नारायण० ॥ इति ॥

अथ चंद्रप्रस्तावलीला

श्रीः॥चौपाई॥शोभामेरेहरिपैंसोहै।मैंबलिबलिपटतर-कोकोहै॥मेरेश्याममनोहरजीवन।विहँसिश्यामसुखदानी॥उदयभयोशशिशरदसुहावन।लगीतातकोमातदिखावन॥देखहुश्यामचंद्रयहआवत।अतिशीतलहगतापनशावत॥चितैरहेहरिइकटकताही।करतेनिकटबुलावतवाही॥मैया वहमीठोकैखारो।देखतलगतमोहिअतिप्यारो॥देहिमँ-गायनिकटमैंलैहौं।लागीभूखचंदमैंखैहौं॥देहिवेगमैंबहुत भुखानो।मांगतहीमाँगतबिरुझानो॥यशुमतिहँसतिक रतिपछितायो।काहेकोमैंचंदर्दिखायो॥रोवतहैंहरिविन-हितेजाने।अबधोंकैसेकरिकैमाने॥त्रिविधभाँतिकरिहरि-हिभुलावै।आनबतावैआनदिखावै॥दोहा॥कहतियशोदा कौनविधि, समझाऊंअबकान्ह।भूलिदिखायोचंद्रमैं, ताहि कहतहरिखान॥सोरठा॥अनहोनीक्योंहोय, तातसुनी यहबातकहुँ।याहिखातनहिंकोय, चंद्रखिलौनाजगतको॥चौपाई॥यहैदेतनितमाखनमोको।क्षणक्षणतातदेतसो तोको॥जोतुमश्यामचंद्रकोखैहो।बहुरोफिरमाखनकहँ पैहो॥देखतरहौखिलौनाचंदा।आरिनकीजैबालगोविंदा॥मधुमेवापकवानमिठाई।जोभावैसोलेहुकन्हाई॥पाला गौंहठअधिकनकीजे।मैंबलिरिसहीरिसतनुछीजे॥खसि

खसिकान्हपरतकनियांते। देशशिकहतनंदरनियांते॥ यशुमतिकहतिकहाधौंकीजे। मांगतचंद्रकहांतेदीजे॥ तब यशुमतिइकजलपुटलीनो। करमेंलैतेहिऊंचोकीनो॥ ऐसे करिश्यामहिंबहिकावैं। आवचन्दतोहिंलालबुलावैं॥ याहींमेंतूतनुधरिआवै। तोहिंदेखिलालासुखपावै॥ हाथ लियेतोहिंखेलतरहिहै। नेकनहींधरणीपरधरिहै॥ जल पुटआनिधरणिपरराख्यो। गहिआनोशशिजननीभाख्यो ॥दोहा॥ लेहिलालयहचन्दमैं, लीनोनिकटबुलाय। रोवै इतनेकेलिये, तेरीश्यामबलाय॥ सोरठा॥ देखहुश्याम निहारि, याभाजनमेंनिकटशशि। करीइतीतुमारि, जाका रणसुन्दरसुवन ॥चौपाई॥ ताहिदेखिमुसक्यायमनोहर। बारबारडारतदोऊकर॥ चन्दापकरतजलकेमाहीं। आव तकछूहाथमेंनाहीं॥ तबजलपुटकेनीचेदेखै। तहाँचद्रप्रति बिंबनपेखै॥ देखतहँसींसकलब्रजनारी। मगनबालछबि लखिमहतारी॥तबहिंश्यामकछुहँसिमुसकाने।बहुरोमाता सोंबिरुझाने॥ ल्योंगोरीमाचंदाल्योंगो। ताहीअपनेहाथ गहौंगो॥ यहतौकलमलातजलमाहीं। मेरेकरमेंआवत नाहीं॥ बाहरनिकटदेखियतवाही। कहैतोमैंगहिल्यावों ताही॥ कहतियशोमतिसुनहुकन्हाई। तवमुखलखिसकु-चतउडुराई॥ तुमतेहिपकरनचहतगुपाला। तातेशशि

भजिगयोपताला ॥ अबतुमतेशशिडरपतभारी । कहत अहोहरिशरणतुम्हारी ॥ बिरुझानेसोयेदैतारी । लियलगायछतियांमहतारी ॥दोहा॥ लैपौढ़ायेसेजपर, हर्षियशो मतिमाय ॥ अतिबिरुझानेआजुहरि, यह कहिकहिपछिताय ॥ सोरठा ॥ करसोंठोंकिसुवाय, मधुरेस्वरगावत कछुक । उठिबैठेअतुराय, चटपटायहरिचौंकिकै ॥ इति श्रीचंद्रप्रस्तावलीला समाप्त ॥

सामुद्रिकलक्षणकथन

दोहा

हस्त पहुँच अन्तर विषे, मीनरेख जो देख। तो प्राणी ज्ञानी धनी, पुत्रवंत शुभ वेष ॥१॥ तुला ग्राम अरु वज्र जो, करमध्ये दरशाहिं । सुखी होय वाणिज्यमें, यामें संशय नाहिं ॥ २ ॥ पद्म चाप करवाल कर, अष्टकोण दरशाय। नरनारी सुख पावहीं, जीवन सफल कराय॥३॥ शंख चक्र ध्वज नासिका, जो करमध्ये होहिं। सो पण्डित जानहु अवशि, धनीवंत सो होहिं ॥४॥ करमध्ये तिरशूल जो, परै भाग्यवश आय । राज्यचिह्न यह प्रगट है, निश्चय राज्य कराय ॥ ५ ॥ अंकुश कुंडल चक्र जो, पाणिमध्य परिजायँ । निश्चय भोगै राज्य सुख, वचन

अन्यथा नायँ ॥६॥ गिरि कंकण नरमुंड सम, पाणि मध्य दरशाय। राज्य मंत्रिकर चिह्न है, निश्चय सुख सरसाय ॥७॥ सूर्य्य चन्द्र गज अश्व गृह, लता नेत्र त्रयकोन। एकहु लक्षण कर परै, सुखी होय नरतौन ॥८॥ (दौवैछंद) चक्र एक वाचाल द्वितिय गुणवंत कहावे। तीन चक्र व्यापार माहिं लक्ष्मी नर पावे॥ चार चक्र निर्धनी पंच सर्वांग विलासा। छठा चक्र रस काम सप्त बहु सुखकी आशा॥ अष्टचक्र तनु रोग नवम नृपती कहलावे। परैं चक्र दश हस्त सिद्धपदवी सो पावे॥ कृष्णविहारी शुक्ल कह्यो शिवने जो गाया। नरका दहिना हाथ नारि बायां बतलाया॥

इति सामुद्रिकलक्षण।

स्तुति मुंबादेवीजीकी

लावनी

जय जय जगदंबे दे सुख अम्बे जय बम्बे बंबा माई।
आदिशक्ति उद्भव पालन लय करनि जानि शरणे आई॥
रक्तबीज महिषासुर मर्दिनि शुम्भ दैत्य मारनिहारी।
महिरावणको किया निपाता गो द्विज भक्तन हितकारी॥
वरदायिनि वर वेद बखानी सिंहवाहिनी जग गाई। जय जय जगदम्बे दे सुख अम्बे जय बम्बे बंबा माई॥१॥

हिन्दुस्तान दक्षिणी सीमा वारिधितट विश्राम लियो। योजन वेद बनाय बंबई अजब शहर आबाद कियो॥ त्रेतामें जस रही अयोध्या और द्वारका द्वापरमें। कलियुग माहिं बंबई तैसी जाकी समता नहिं भूमें॥ सप्तद्वीपकी सम्पति छाई ऋद्धि सिद्धिकी अधिकाई। जय जय जगदम्बे दे सुख अम्बे जय बम्बे बम्बा माई॥ २॥ सुंदर धवल धाम नभचुंबत ध्वजपताक शोभा न्यारी। बीथी हाट बजार चौपथा परमपुष्ट पविकी ढारी॥ वन उपवन सब भाँति सुहावन मनभावन सुख सरसाई। गलिन २ बाजत बर बाजा अतर अरगजा बू छाई॥ द्वीप द्वीपके बसैं आदमी महिमा तीन लोक गाई। जय जय जगदम्बे दे सुख अम्बे जय बम्बे बंबा माई॥३॥ मैं भी बड़ी आश कर आया मुंबापुर माकी नगरी। रत्न तख्त शोभित जगमाता गमन करै नगरी सगरी॥ भाव भक्ति रंचक नहिं जियमें पै हियकी जाननहारी। करहु अनुग्रह अवशि दासपर प्रणतारति मेरी बारी॥ कृष्णबिहारी शुक्ल बदरकावासी से भी लवलाई। जय जय जगदम्बे दे सुख अम्बे जय बम्बे बंबा माई॥ ४॥

इति स्तुति समाप्त।

पूर्व दिशाके सुख

पुरुषउवाच॥ दोहा–रूपविशेषविशेषधन, भूमिसुहावन देश। जायकरौंयातेअबै, पूरबकोपरदेश ॥१॥ कवित्त॥ ताफतारुवाफतासुसज्जर श्रीसाफमखमलरुमकेसीपटनाना सुखदाइये। सरसकृपाणतरकसरुकमानबाण जरकसीचीरा हीराजहाँजाइलाइये ॥ सुकविग्रुपालफुलवारी धामधाम अंबश्रीफलकदंबपौंडापाननकोखाइये। बड़ेहोतकेशमिलैं तंडुलअशेष प्यारीपूरबकेदेशमेंविशेषसुखपाइये ॥ १ ॥

पूर्व दिशाके दुःख–स्त्रीउवाच–खंडन

सोरठा–लगैं चोर ठगवाइ, पेट चलै पानी लगै ॥ कीजै कबहुं न जाइ, पूरबके परदेशको ॥ १ ॥ कवित्त ॥ पानी लगि जात बहु फूलि जात गात पुनि पेट चलि जात कछु खाइ जात जबहूँ। जादू करि करिकै संभोग सुखकाज पशु पक्षी करि राखैं नारि नारिनको अबहूँ॥ ब्राह्मण वणिक मीन मांस मधु खात तेल हरद लगाय न्हात नारी नर सबहूँ॥ फांसी देकै हाल मारि डारै ठगजाल याते जैये न ग्रुपाल दिशि पूरबकी कबहूँ ॥ १ ॥

दक्षिणदिशाकेसुख

पुरुषउवाच॥ दोहा–दयामानधनमान पुनि, लोगबड़े

गुणमान ॥ यातेदक्षिणदेशको, करिये सदापयान ॥१॥ कवित्त ॥ चीराचीरसालूसे लासमलाबहारदारजरकसी काम जहाँहोतनाना भाँतिहैं ॥ सुकविगुपाललालरतनप्रवालमणि माणिकविशालमोतीमहँगीसुजातिहैं ॥ मेवाऔ मिठाईफलफूलमूलमूलगजतरुणी अनूपरूपझलकतगातहैं ॥ देखेबनैबातसदाशोभासरसात प्यारीदक्षिणदिशा केगुणकहेनहिंजातहैं ॥१॥

दक्षिणदिशाके दुःख-स्त्रीउवाच-खंडन

दोहा-दक्षिणपियसुनिकानदे, दक्षिणदक्षिणजात ॥ लक्षणलक्षणगक्षिके, लक्षणहीलगिजात ॥१॥ कवित्त ॥ घोटूलोंउघारीनिरलज्जरहैंनारी मासमदिराअहारीद्विज होइँअनाचारीहै ॥ सुक विगुपालप्याजलहसुनखातबहु लूटैंठगचोरप्रजारहैनसुखारीहै ॥ लोगनिरहेतभानिजेको व्याहिबेटी देतरीतिबिपरीतिसबदेखतमैंन्यारीहै ॥ बढ़त अगारीहोतिबड़ीबड़ीख्वारीदिशिदक्षिण मझारीजातहोत दुःखभारीहै ॥

पश्चिमदिशाकेसुख

पुरुषउवाच ॥ दोहा-राखे दक्षिणते अबै, जोदिशि

पश्चिमजात॥ ताकेअबसुनिलीजिये, प्यारीसुखअवदात॥ कवित्त ॥ लोगदयावानतियसुंदरसुजानमीठी बोलनिनि दाननीरलगैनतहां कहूँ॥ वृषभविशालऊंचेपुलकारवस्त्र त्रिविध प्रकारनहैं सूतखेजहांकहूँ॥ सुकविगुपालताततरल तुरंगमिलैमधुरमनीरभूखलगतिजहांकहूँ॥ पारनहीं लहूँजियशोचतहीरहूँप्यारी पश्चिमदिशाके सुखवरणिकहाकहूँ ॥ १ ॥

पश्चिमदिशाके दुःख स्त्रीउवाच-खण्डन

दोहा-मरतरैनिदिनवारिविन, भटकिभटकि नरनारि॥ करियेनहींपयानपिय, पश्चिमओरनिहारि ॥१॥कवित्त॥ धूरिनकेथलसावैंढोलके ढमक्केजलतरुविनथलतहांशोभा नहींपामेंहैं॥ चानररूगेहूँरसगोरसनफूलफल मोठबाजरी कोखाय दिवसवितामेंहैं॥ रहतमलीनधर्मकर्मकरिहीन लोग पहरतपीनपटऊननकेजामें हैं॥ सुकविगुपालकछु कहतनआवेजातजेतेदुखहोतसदापश्चिमदिशामेंहैं

उत्तरदिशाकेसुख

पुरुषउवाच॥ दोहा॥ हरिद्वारतेकैपरशि, बदरीनाथ केदार॥ होतकृतारथजीवयह, उत्तरखंड मझार॥ १॥

कवित्त॥ लाइचीलवंगदाखदा डिमबदामसेवसालमअंगूर पिस्ताखैयैउठिभोरको कसतूरी केसरिजावित्रीजायफल दालचीनीदेवदारुकीसुगंधिचहुँवोरको ॥ सालऔदुसाल धुस्सा नानापसमीनाओढ़ि देखतरहतआछीतियनकी मोरको ॥ कहतगुपालप्यारीसुनियेनिहोरमोपै कह्योनहीं जातसुखउत्तकीओरको ॥ १ ॥

उत्तरदिशाकेदुख- स्त्रीउवाच-खंडन

दोहा-सदाशीतभयभीत नर, व्याघ्रसिंहवृषघोर कीजै नहींपयानपिय, उत्तरदिशिकीओर॥१॥कवित्त॥ विकट पहारझारघनेसिंहस्यारनिरबा हनहींहोतरथबहलकोजामें हैं॥ गिलटीरुगिल्लर अनेकरोगहोतजहाँचारहूवरणजीव सिंहकहरामेंहैं।सुकविगुपालसदाशीतभयभीतलोग बरफ केमारे दुरेरहतगुफामेंहैं॥ राहमेंनगामेंचल्योजातननिशा मेंयातेबहुदुखपावैंजातउत्तरदिशामेंहैं ॥ १ ॥

हुलासके सुख

दोहा-बढ़ैज्योतिनैननसदा, चलैसाफसबश्वास ॥

इतनेसुखनितहोतहै, सूँघतजबैहुलास ॥१॥ कवित्त॥ साफरहैमगजसरेखमानआवैपासज्योतिबढ़िजातिनैनहो-

तपरकासके॥ सुकवि गुपालकभूशीतनसतावै आइ जाको लेतदेतलोगरा जीरहैंपासके॥ अमलनआवैकोईरोगन घटावैवा यढिगनहींआवेदामथोरेलगैंतासके॥ रुकतन श्वासजातरहैकफखाँसएते होतहैंहुलास सदासूँघतहुलासके॥ १॥

लोभके लक्षण

दोहा-लोभहि उपजत क्रोधहै, द्वेष ईर्षा मान।
मत्सर लम्पट तस्करी, लोभहिसेपहिचान॥

प्रीतिवर्णन

प्रीतितो ऐसी कीजिये, जानिपरै कछुनायँ।
ज्यों मेहदीके पातमें, लाली लखी न जायँ॥

मूर्खता

मुईचामसों चामकटावैं, भुइँपरि सँकरे सोवें।
कहैं घाघ येतीनों भकुवा, उढ़रि जायँ फिरिरोवें॥

नीति

मनुषजन्म ह्वै ऊपजो, तीनि भांतिको योग।
द्रव्योपार्जन हरिभजन, अरु भामिनिकोभोग॥

कलियुगवर्णन-कवित्त

मतिभईभ्रष्टपापछायगयोसृष्टिमांझघरतियछोड़िपर-

तियधरने लगे॥ धनवारोदेखिगुरुचेलाकोकरनलागेझग-
रिझगरिबापबेटालरनेलगे ॥ धन रोजगारकीघटाईभई
जगमांझ विनाअन्ननरसबभूखेमरनेलगे ॥ कहतगुपाल
वरषै न मेघजालयाते कलिकीकुचालते अकालपरनेलगे
॥ १ ॥ इति ॥

गर्भिणीधर्म

पुंसवन कर्म होने उपरान्त गर्भिणीकोऊंचे नीचे स्थान पर चढ़ना, उतरना, भागकर चलना, नदी तैरना, गाड़ी पर बैठकर चलना, तीक्ष्ण अर्थात् गरम औषध निरस क्षार आदि खाना, मैथुनकरना; भार उठाना ये सर्व कर्म नहीं करना चाहिये किन्तुसावधानीसे रहै, जिस्से गर्भ रक्षा होवे।

गर्भिणीप्रश्न

यदि तुमसे गर्भिणी स्त्री प्रश्न करे तो उस स्त्रीके नामाक्षर ले उनमें घोड़ाके नामाक्षर और देशके अक्षर मिलाके वर्तमान तिथि मिलावे और आठका भाग देवे जो सम अंक शेष रहें तो कन्या और विषम रहें तो पुत्र होगा।

गृहस्थाश्रमके सुख

दोहा—चारिवर्ण आश्रमनमें है सबको शिरमौर।
गृहस्थाश्रमके सदृश, कोउ न जगमें और॥

कवित्त—चारिहू वरण चारि आश्रको मूल यही, याही ते सकल अवादानी होति वस्ती है। वंशबढ़वारि ब्याह सादी भोगराग सुख, रहत हैं यामें पुण्यदान जबर्दस्ती है॥ सुकवि गुपाल याते जगतके जीमें जीव, सदा सबही की भयो करै परस्ती है। तनकी दुरुस्ती रहै धनहूँकी सुस्ती तोपै पृथिवीके माँझ सब ऊपरि गृहस्थी है॥

गृहस्थीके दुःख

दोहा-कुटुम सुशील सुपूत सुत, अनगन धनप्रभु देइ।
करनी करतबकरि कछुक, तब गृहस्थ सुख लेइ

कवित्त-राति दिनयामें कोई खरच लगेई रहैं, आयो गयो ब्याह गौन गर्मा औ बधाई है। विषयके भोग कर्म योग के वियोग योग, जिकिरि फिकिरि मारे आपनी पराई है॥ सुकवि गुपास भावभजन बनै न वामें, परचोर है सदा मोहजालमें महाई है। करत कमाईतऊ रहै हायहाई या ते, सबते सवाई दुःखदाई गृहस्थाई है॥

खेतीके सुख

दो०—गाम इजारो छोड़िकै, खेती करिहौं बाम।
सब जग जाके करनते, खातपियत निजधाम॥

कवित्त—साँझहू सबेरे दधिदूधके रहत सुख, लीयो करे स्वाद ये रसाल नई नई को। नित प्रति रहै सातौ पौनिपै हुकुम, सरकारमें रहत भलो बस्सा ठकुराईको। जीवै जगजाते जीवजंतु को कनूका मिलै, मिलै भली बात यह काम मरदईको। कहत गुपाल बीस नहकी कमाई याते सबहीमें भलो पेशो यह किसनईको॥

खेतीके दुख

दोहा—खेती करत किसानके, मोतेदुख सुनिलेउ।
हरलैकै पिय खेतमें, भूलि पाउँ मति देउ॥

कवित्त—कारी होति देह सहे शीत घाममेह नित, रहै लेह देह सुख नहीं खान पानको। बरहेमेंबासराखेब्योहरेकी आश, ईति भीतिते उदास गिनै माननईमानको। राजै देत पोता हर जोता सुख सोता नाहिं, खोता दिन योंही रहै लेश न सयानको। देहमें न चाम रहै हाथमें न दाम याते, कहत गुपाल काम कठिन किसान को॥

कालिका स्तोत्र

छप्पै—एक रदन करि वदन सदन शुभ सुवन कपर्दन। शुभ्र भाल उर माल लाल शृंगीपति नंदन॥ लम्बोदर भुज चार गात सिंदूर सुचर्चित। मनुज देव ऋषि वृद्धि सिद्धि परसिद्धि सु अर्चित॥ ईश्वरी प्रसाद अष्टांगवत द्वार परो विनवत चरण। मुहिं देहु बुद्धि तम जड़ हरो द्वैमातुर अशरण शरण॥ कवित्त—बानी महारानी सानी दानी न जहानी बीच, ध्यावत पुरानी ज्ञानी ध्यानी चित लायकै। उदित उदारता कहानी न बखानी जात रसना सिरानी शेष रहे शीश नायकै॥ हरविधि विष्णु कृष्ण जिष्णुहू लजाय रहे, महिमा अपार पार भये नहीं गायके। ईश्वरी अयान जान करौ मात बान कान, दीजै वरदान बान दाहिने हो आयकै॥

प्रभाती—जागौ श्रीआदि मातु दधिजा सकुचानी। दधिसुत छबि क्षीण भई दधिसुत गण मोदमई दधिसुत धुनि छाय रही चक्री हरषानी॥ दधि सुत पै हो सवार दधि सुत कल हीयहार दधिसुत पति खड़े द्वार दधिसुत सम बानी। दधिसुत रिपु है तयार दधिसुत करलेव धार दधिसुत जिनको अहार नाशो महरानी॥ ईश्वरी गुण

करत गान दक्षिसुत जिनको सुपान दधिजासुत सुभग यान दम्पति सुखदानी। जागौ श्रीआदि मातु दधिजा सकुचानी ॥

जय जय जय मातुआद सेवहिं सुर असुर पाद अष्ट सिद्धिदायक निजजन दयालका। शीश स्वर्ग पद पताल श्याम गात सघन बाल चंद्र भाल मुंडमाल पान जालका॥ सोहै करवर कृपाण चक्रवज्र धनुष बाण मारे खल तान तान प्रणत पालका। अनुचर ईश्वरी अनाथ ठाढ़ो दर जोर हाथ माँगै बर मुक्तिभक्ति अटल कालका॥ जय जय जय मातु आद सेवहिं सुर असुर पाद अष्टसिद्धि दायक निज जन दयालका ॥

कुंडलिया-कालीरूप करालका, उर मुंडनकी माल। मेघवर्ण नग्नांगि पटु, दश दिशि बाहु विशाल॥ दश दिशि बाहु विशाल चन्द अवतंस त्रिलोचन। तूलकेश मन मुक्ति सदा वरदा भयमोचन॥ कह ईश्वरीप्रसाद मातु जन दीन दयाली। भक्ति मुक्ति वरदेव अटल जगदम्बा काली ॥

कवान॥ अर्द्ध अंग नर आज अर्द्ध अंग मृगराज नाद मनो घन गाज क्रोधवंत विकराल। बज्जें नख चट्ट चट्ट

बोलैं दंत कट्ट कट्ट फोरै मुंड भट्ट भट्ट बहै रुधिर पनाल॥ नरसिंही रूप धार परगटि खंभ फार हिरण्यकशिपु मार रक्षजन रक्षपाल। विनय ईश्वरीप्रसाद सुनि लीजै मातु आद इतौ दीजिये प्रसाद छूटै भ्रम भवजाल॥ (शिखरणी केवल एक चौक) नमो जननी आद्या हरहु बहु बाधा सुखकरी। नमो अम्बा काली जनन रक्षपाली अघहरी॥ नमो भव अर्द्धंगी करन खलभंगी जागरी। नमो रामाश्यामा जपत तुव नामा हर हरी॥

दोहा-नमो नमो श्रीकालिका, नमो नमो महकाल।
जयतिरूप अर्द्धांगिनी, जय जय गौरि कृपाल॥

छन्दभु०॥ चिता भस्मको लेप है अंग दांयें। सजो उबटनो केशरी रंग बायें॥ यहां कासमें वस्त्र छाला कुरंगा। वहां शीश सोहै सुसारी सुरंगा॥ इतै चर्णमें पद्मको चिह्न सज्जै। उतै पांवमें पैंजना शब्द बज्जै॥

(गजल सूक्ष्म)॥ दयाली दीन प्रणपाली महाकाली कृपाली है। अभय बरदान तत्काली बहाली देनवाली है॥ मनोहर गात छबि खुश्तर पयोधर रंग अति कमतर। बराबर द्युति छटा क्योंकर दमक आनन निराली है॥ लसै दृगपट स्रवै ओदक निलय मरघट लपट झरपट।

सुभट भैरों कटक बंकट लिये सँग देत ताली है॥ धिगत त्रय नैनमें ज्वाला लसै करवाल करवाला। हिये त्रयदेव शिरमाला युगल कंकण बयाली है॥ धरे बलपुष्ट दश भारी किये शव पुश्त आधारी। भयानक घोर चिक्कारी ललल रसना निकाली है॥ कमरमें मेखला शवकर सजे आयुध दशों करवर। खड़ी रणभूमिमें धक्कर भयंकर दुष्टशाली है॥ जनहिं संकट निरखि कटपट झपट धावति तुरत शरपट। बजावत मुंड अरि फटफट पटापट देत ताली है॥

रसनिरूपण

सुरहीके भार सूधे शबद सुकीरनके,
मंदिरन त्यागि करै अनत कहूँ न गौन।
द्विजदेव त्योंही मधुभारन अपारन सों,
नेक झुकि झूमि रहे मोगरे मरुअ दौन॥
खोलि इन नैननि निहारौं तौ निहारौं कहा,
सुखमा अभूत छाय रहि प्रति भौन भौन।
चाँदनीके भारन दिखात उनयो सो चंद,
गंदहीके भारन वहत मंद २ पौन॥

बागवर्णन

सवैया

झूमें झुके तरु पुंज रसाल तमालन जालनपै द्युति साजै।
त्यों ललिते कचनार अनार प्रसूनन भार अपार जु राजै॥
कोकिल कीर कपोतनके कुल बोलत सो मधुरी धुनि छाजै।
श्रीमिथिलाधिपके बर बागमें बारहु मास बसंत विराजै॥

श्रीरामचन्द्रजीके चरण वर्णन

कवित्त

मानस महेश मानसरके सरोज मञ्जु,
वेष मति शेषके सु आनँद धरन हैं।
कहै कवि ललित सजीवनि सुजन हीके,
नीके जगहीके चारु पोषण भरन हैं॥
विपति विदारन सु तारन अहिल्या,
सुख कारन हमेश जौन आवत शरन हैं।
दारिद दरन अघ हरन बरन बर,
मङ्गल करण रामचन्द्रजीके चरन हैं॥

श्रीजानकीजीके चरण वर्णन

कवित्त

भ्राजत सभामें भरे चारुता प्रभामें अति,
मञ्जु अरविन्दवत गति अधिकारीके।
नीके सुरतीके सती भारती रतीके चित,
दान विरतीके सुमतीके व्रत धारीके॥
लालजी कहत जग सेवित प्रशंसनीय,
नित्य सुखकर हर अवधविहारीके।
चन्द द्युति मंदकर सुरवृन्द सेवनीय,
अमल अमन्द पद जनकदुलारीके॥

श्रीराम नाम वैभव

सवैया

या तन सुन्दर पाय अरे मन मूरख क्यों न भजै रघुराई। जासु सनेह किये गणिका गज गीध अजामिलने गति पाई॥ और अधीनकी कौन कथा जग जानै तरे सदनासे कसाई। नाम न भूलो छनौ मथुरा नरदेह धरेको यहै फल भाई॥

श्रीरामचन्द्रजीका व्याह बानक

कवित्त

रामचन्द्र बदन विलोकी व्याह बानकमें,
मङ्गलीक औरई उछाह सरसत हैं।
दशरथ कौशिल्या सुमित्रा कैकयीके मन,
लछिराम औरई प्रकाश परसत हैं॥
विबुध वधूटी झारैं औरही सुमन हार,
औरही अदामें अमरेश दरशत हैं।
औरही खजाने खुले अवध नगर बर,
औरै भाँति हीरालाल मोती बरसत हैं॥

श्रीरामचन्द्रजीका नेजा वर्णन

कवित्त

कौशल कुमारके शिकारमें अजब धूम,
वार पार फैलत अतङ्क भट भीर को।
लछिराम साजैं वे सहमि घन वन बीच,
मन्दर दरीन दुरैं परिहरि धीर को।

अरना वराघ बाघ फारे अध फारे परे,
हरिन हजारे भरे गरद गँभीर को।
भेजा भाल रेजालों गिरत गज भूमैं जब,
चलत मजेदार नेजा रघुवीर को॥

श्रीरामसेनापयान

भारी भालु भीर वारी कारी कपिवीर वारी,
नन्दन समीर वारी सैना जितै जितै जात।
छूटै तरुतुंग औ उतङ्ग गिरि शृंग फूटे,
छूटे बड़े दुर्गम प्रवास गढ़के सँघात॥
यार कहै कोटिन निसान संग फहरात,
चिक्करत बीरनके घहरात वज्रपात।
हहलात हेम गिरि गिरा थम्भ थहरात,
दहलात दिग्गज कमठ लोल लहरात॥

शब्दालङ्कारछेकावृत्तिअनुप्रासआदिवर्णावृत्ति

कवित्त

चौंर चारु भूधर भरत क्षितिपाल छत्र,
शत्रुहन सामुहैं शरासन सुवेलेको।

सुमन सुकण्ठ हनूमान हाथ मणि मञ्जु,
व्यजन विभीषण विलास बगरेलेको ।
रङ्गराज मैथिली महीप रामचन्द्र राजैं,
शासन सुमन्त लछिराम लहरेलेको ।
परम प्रकाशन विलासन वलित सज्यो,
सुभग सिंहासन अवध अलबेलेको ॥

अन्तवर्णावृत्ति

कवित्त

वदन सदन गुनगन परमानै ज्ञानै,
सरसनि हँसनि सँवारो अवतारों मैं ।
लछिराम धूम धाम लोचन सकोचनसु,
भौंहनके सौंहन धनुष रुख टारों मैं ॥
मैथिली अमन्द रामचन्द्र यों सिंहासन,
विलासन बगर औध नगर निहारों मैं ।
सौज श्री मनोज कर भूपर अमङ्गलीक,
मङ्गलीक मौजपर जलधर वारों मैं ॥

वृत्त्यनुप्रास

कवित्त

पारस पुरन्दर परमहंस परवीन,
धरम धुरन्धर धनी त्यों धीर कल मैं।
लछिराम ललित लहे जे लाज लाहन मैं,
विरद विशाल बगरेले बांह हल मैं॥
अवध अमर अमरावती अमन्द ओज,
कामद कला है कमनीय करतल मैं।
मंङ्गलीक मैथिली लों मोहिनीनमण्डल मैं,
राव रामचन्द्रसों न राजा रसातल मैं॥

हेतु अलङ्कार

सवैया

श्री अवतार शिरोमणि यों विरदावलि वेद पुरान सुनी मैं। सेवरी गीध अजामिलकी लछिराम कथा रही फैलि गुनी मैं॥ कौल जवाहिरी सन्तनका कब लालकी चौकी की मोल चुनी मैं। राम जो तैं न गरीबनेवाज तौ कौन गरीब नेवाज दुनी मैं॥

द्वितीय हेतु अलङ्कार

कवित्त

कौशल कलश चारु चौदहों भुवन पति,
आरत कलपतरु ऐसो कत पाऊँ मैं ।
मैथिलि लषन हनूमान अंगदादि सों हैं,
लछिराम दूजो क्यों सभासद गनाऊँ मैं ।
असहन पीरके गँभीर ग्रह दोषन मैं,
वारन उवारन विरद गोहराऊँ मैं ॥
दानी दीनबन्धु रावरे सों कौन रामचन्द्र,
जाके दरबार दौरि दरद सुनाऊँ मैं ॥

विभावना अलंकार

भूषण वसन वारे वलकल डारे अङ्ग,
रोम रोम अनुरूपे रूपके शहर हैं ।
जटाजूट शिखर त्रिपुण्ड दरिमित भाल,
परम प्रतापवान जगर मगर हैं ।
दल दूब आसन सिंहासन सों भासमान,
लछिराम नाम रघुवीर ब्रह्मवर हैं ।

श्याम घन वरन अकेले आभरन भूमि,
परनकुटीमें ये कहांके कलाधर हैं ॥

असङ्गति अलंकार

कवित्त

दिग्गज नगारे देव गरजत आपही तैं,
सगुन शची त्यों गौरी पूजन करति हैं।
लछिराम सातों द्वीप सुन्दरी सँवारैं केश,
असुरकी बामैं बन दावालों जरति हैं।
छीर भरे सागर सरित सरितान मौलि,
मन्द मधु मालती समीरहीं हरति हैं।
अवध अमन्द रामचन्द्र अवतार हेत,
भाँवरे दिनेश की दिगङ्गना करति हैं ॥

अधिक अलंकार

कवित्त

उन्नत पहार नदी नदन अपारन को,
धौल करि बिरद बहाली बगरत है ॥

लछिराम देव नर देव सन्त घन बन,
पावन परम सिरो आनन्द भरत है ॥
बिरद बितानमें महीप रामचन्द्र दीप-
द्वीप कलाधरलों कुतूहल करत हैं ।
फैल्यो छीर-सागर-तरङ्ग-सो तिहारो यश,
छोरमें दिगन्तनके छलक्यो परत है ॥

अन्योन्यालंकार

सवैया

वै उनके धनुबान सँवारिकै राखत सामुहैं मौज गँभीरके। वै लछिराम उमाहन में कलकोरैं निहारत छोरैं मनीरके॥ वै उनके मुख हेरि भरैं गरे माल घने मुकताहल हीरके। भाग भरे सब लोग सराहत आनँद लक्खन श्रीरघुवीरके ॥

यथासंख्यालंकार

कवित्त

मङ्गलीक चरन करन अधरन चढ़ी,
लालिमा गहर गुण कोमल बटोरके ।
लछिराम जंघ भुजदंडन प्रचण्ड उर,
बिरचे कठोर सान अजब हिलोरके ॥

भुजमूल भाल चन्द्रवदन विलास हास,
परम प्रकाश पुञ्ज रस वीर बोरके।
भौंहैं भङ्ग लोचन तिरीछे जुलफनवारे,
बार घुँघुरारे कारे लखन किशोरके॥

परिसंख्याअलंकार

कवित्त

वन्दन वलित बेस बगर बिहद मौलि,
कुण्डलित शुण्ड रद मद के प्रचार में।
वरन गनेश मणिमण्डित रतन झूल,
झूमिकै चलत हैं मलिन्द झनकार मैं॥
लछिराम रावरे मतङ्गन पै रामचन्द्र,
वै रही प्रभा जो गज रथके अगार मैं।
विधि विकरार मैं न दिग्गज कुमार मैं,
न कज्जल पहार मैं न घन बन भार मैं॥

सन्देहालंकार

कवित्त

वार मैं तिरीछी द्वैपलाकै उतरति पार,
कैधों या फनाली पन्नगीकी झलाझल है।
लछिराम कैधौं प्रलै बाम्सर प्रणाली जोर,
जौहर जमाली पाली काल करतल है॥

रावण समर मैं महीप रामचन्द्र कर,
कैधौं या कृपाण ज्वालामुखीकी सकल है ।
असल कुमारी बडवानल प्रचण्ड कैधौं,
बारहो कलाके मारतण्डकी नकल है ॥

सम्भावना अलंकार

बरवै

रामचन्द्र दल-महिमा, तब कहि जात ।
जो कहुँ शारद कोटिन, मुख जल जात ॥

लोकोक्ति अलंकार

बरवै

छोड़ि मानसर मञ्जुल, लघु सर जात ।
राजहंस तजि मोती, कांकर खात ॥ १ ॥

अमृतध्वनि

सजत चारु चतुरंगिनी रामचन्द्र भूपाल ।
खलभल फैलत असुरपुर छुट्टत गढ़ विकराल ॥
छुट्टत गढ़ विकरालद्दश दिगपालह्लकत ।
फुट्टत खलदल भालग्गज मतवालह्लकत ॥
सग्गस्सुवन समीर लग्वन गम्भीरग्गज्जत ।
बज्जत नवल निसानस्सुभट कृपानस्सज्जत ॥

श्रीकृष्णचन्द्रजीका नखशिख वर्णन

कवित्त

नखन पै नखत तरुणकञ्ज पायन पै,
रम्भखम्भ जानु पै मृगेन्द्रलोनी लक पै ।
उदर पै पान कण्ठ पै कपोत रंगपाल,
चिबुक रसाल छटा दंतन दमंक पै ॥
बानि बिम्ब मुकुर कपोलन पै नासा कीर,
नैनन पै खञ्जन कमान भौंह बंक पै ।
भाल पै मयंक भाग कोटि मारतण्ड वारौं,
मुकुट छबानि झला झलकी झमंक पै ॥

श्रीकृष्णचन्द्रछबिवर्णन

कवित्त

नव घन वारि डारौं श्याम रंग अंगन पै,
वारौं छबि पुञ्ज मोर चन्द्रकी छटान पै ।
नैनन पै कञ्ज खञ्ज मीन मृग वारि डारौं,
जगत लोनाई वारौं लाल अधरान पै ॥
नासिका पै कीर अलि अवलि सु भौंहन पै,
वारौं अहिवृन्द केश वेष लहरान पै ।
सातौ स्वर तीनि ग्राम बांसुरीकी तानन पै,
कोटि काम वारि डारौं मृदु मुसक्यान पै ॥

श्रीराधिकाजीका ध्यान

सवैया

भूषन भारे सँवारे जराऊ जिन्हैं लखि तारे लगैं अति फीके। त्यों द्विजदेव जू आननकी छबि अंग सबै सरसाय शशीके॥ ताहू पै भानु प्रभा निदरे लसैं चञ्चल कुंडल कानन नीके। मोहमई तम क्यों न मिटै इमि ध्यान धरे वृषभानु ललीके॥

श्रीराधाकृष्ण सनेहवर्णन

सवैया

दोऊ दुहुँनको हेरत हैं मुख, दोऊ दुहूँन हरा पहिरावैं।
दोऊ दुहूँनको साजैं शृंगार, दुहूँनपै दोऊ सुगन्ध लगावैं॥
यों अनुराग दुहूँ उमड़चो, लछिराम दुहूँनपै आनँद भावैं।
राधिका गोकुलचंदकी रीति, प्रतीति औ प्रीति लखे बनि आवैं॥

अधर वर्णन

दोहा

तेरस दुतिया दुहुँन मिलि, एक रूप निज ठानि।
भोर सांझ गहि अरुणता, भये अधर तुव आनि॥

रदन वर्णन

सवैया

केते कहैं मुकताहलकी लरैं, कोऊ सुहीरकनी सनमाने।
कोऊ कहैं कछु टोनेके बीज ये, चन्द्रिका चूर किते परमाने॥
ये लछिराम न मो मनमें बसैं, शारद या समता अनुमाने।
शोधिके मार मनोहर मंत्र, धरे अरविन्द अनारके दाने॥

प्रेमतरंग

कवित्त

एरी आजु कालिह सब लोक लाज त्यागि,
दोऊ सीखैं हैं सबै विधि सनेह सरसाइबो।
यह रसखानि दिन द्वैमें बात फैलि जैहै,
कहांलों सयानी चन्द हाथन छिपाइबो॥
आजु हौं निहार्‌यो वीर निप कालिन्दितीर,
दोउन सों दोउनको मुख मुसक्याइबो।
दोऊ परैं पैयां दोऊ लेत हैं बलैयां उन्हैं,
भूलि गईं गैयां उन्हैं गागरी उठाइबो॥

उद्योग

दोहा

भरत पेट नट निरत कै, डरत न करत उपाय।
धरत बरतपर पायँ अरू, परत बरत लपिटाय॥

पुरुषार्थ

दोहा

दुख सुख सब कहँ परत है, पौरुष तजहु न मीत ।
मनके हारे हार है, मनके जीते जीत ॥

शिक्षा

कवित्त

याहि मति जानौ है सहज कहै रघुनाथ,
अतिही कठिन रीति निपट कुढंगकी ।
याहि करि काहू काहू भांतिसों न कलपायो,
कलपायो तन मन मति बहुरंगकी ॥
औरहू कहौं सो नेक कान देके सुनि लीजे,
प्रगट कही है बात वेदनके अंगकी ।
तब कहूँ प्रीति कीजे पहिले तैं सीख लीजे,
बिछुरन मीनकी औ मिलन पतंगकी ॥

बसन्तबिरहनी

कवित्त

कुञ्जनमें खञ्जनकी चलनि विलोकतहीं,
दृग अरविन्दनकी आभा दरसाय जात ।

देवकीनंदन कोंरैं फिरि नहिं भूलैं मोहिं,
वाही बानिहीमें कोर कठिन सताय जात ॥
कैसे जियों आली बनमाली बिन फागुनमें,
देखतहीं रंग अंग अंग पियराय जात।
भाय जात श्यामसुधि कालिंदी विलोकतही,
छाय जात मैन पीर आंसू नैन आय जात ॥

विषाद

कवित्त

दारिद विदारिबेकी प्रभुको तलास तौ,
हमारे इहां अनगन दरिदकी खानि है।
अघके शिकारी जो है नजरि तिहारी तौ पै,
हौंहूँ मन पूरन अघन राख्यो ठानि है ॥
दास निज सम्पति सुसाहेबके काज आये,
होत हरषित पूरो भाग अनुमानि है।
अपनी विपतिको हुजूर हौं कहत लरि,
रावरेकी विपति विदारिबेकी बानि है ॥

निर्वेद

सवैया

या लकुटी अरु कामरियापर, राज तिहूँ पुरको तजि डारौं। आठहु सिद्धि नवो निधिके सुख, नन्दकी गाय चराय बिसारौं॥ नैननसों "रसखानि" जबै, ब्रजके बन बाग तड़ाग निहारौं। कोटिक वे कलधौतके धाम, करीलकी कुञ्जन ऊपर वारौं॥

समाप्त.

हमारी सभी पुस्तकें मिलने के स्थान :—

१. खेमराज श्रीकृष्णदास, श्रीवेंकटेश्वर प्रेस, खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, सातवीं खेतवाड़ी, खम्बाटा लेन, बम्बई–४०० ००४.

२. गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास, लक्ष्मीवेंकटेश्वर स्टीम् प्रेस व बुकडिपो, अहिल्याबाई चौक, कल्याण जि. ठाणे (महाराष्ट्र)

३. खेमराज श्रीकृष्णदास चौक, वाराणसी (उ. प्र.)

मुद्रक एवं प्रकाशकः
खेमराज श्रीकृष्णदास,
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, बम्बई-४०० ००४